वर्ष : 12 | अंक : 15 टोंक | सोमवार, 19 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सीकर यात्रा

# पेपर लीक प्रकरणों में किसी भी दोषी को नहीं बख्शा जाएगा : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जीवन को सही दिशा देने में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे न केवल विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हैं बल्कि उन्हें जीवन की हर परिस्थिति का सामना कर सफल बनने के लिए मार्गदर्शित भी करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इसी गुरू-शिष्य परंपरा को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है तथा प्रदेश के प्रत्येक युवा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। शर्मा रविवार को सीकर के सीएलसी संस्थान में पंडित हरिनाथ चतुर्वेदी और संत शिरोमणि मकड़ीनाथ जी महाराज के मूर्ति अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पेपर लीक प्रकरणों से युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हुआ था। राज्य सरकार द्वारा इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसआईटी का गठन कर अब तक 157 लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि युवाओं के साथ धोखा करने वाले किसी भी अपराधी को नहीं बख्शा जाएगा। शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं। प्रधानमंत्री द्वारा गरीब कल्याण, सीमा सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तीकरण के विभिन्न निर्णय लिए गए हैं, जिससे विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देते हुए आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए 'स्वच्छ भारत अभियान', महिला लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' की संकल्पना को साकार रूप देने के लिए हमारी सरकार तेजी से कार्य कर रही है।



### बजट में सीकर का रखा पूरा ध्यान :

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में सीकर का पूरा ध्यान रखते हुए ढेरों घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का गठन होते ही शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का जल पहुंचाने के लिए लिए तीन दशक से अटके यमुना जल समझौता को पूरा किया। शर्मा ने कहा कि 100 करोड़ रुपए से खाटूश्याम कॉरिडोर का विकास, 90 करोड़ रुपये की लागत से एनएच-52 रामू का बास से एसएच-8 कुड़ली बाइपास सड़क संबंधित कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल शाकम्भरी के विकास कार्य सहित सीकर की आईटीआई में 3डी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, फाइबर टू होम तकनीशियन, मल्टीमीडिया, एनीमेशन आदि से संबंधित ट्रेड्स प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वेद विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों के मानदेय को 8 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह करने तथा सीकर में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (भ्रष्टाचार निरोधक एक्ट) न्यायालय खोले जाने की घोषणा की गई है। नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में प्रत्येक क्षेत्र में चहुमुंखी विकास हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परिसर में पंडित हरिनाथ चतुर्वेदी और संत शिरोमणि मकड़ीनाथ जी महाराज की मूर्ति का अनावरण भी किया। इस दौरान आयोजित रोड शो में शहरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इससे पहले हैलीपेड पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया तथा महिलाओं ने मुख्यमंत्री को रक्षा सूत्र बांधा।

## रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए बसों में फ्री यात्रा

### रात 12 बजे से लागू होंगे नियम, सिर्फ एक दिन के लिए मान्य होगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** रक्षाबंधन को लेकर प्रदेश में महिलाएं रविवार रात 12 बजे से अगले 24 घंटे तक रोडवेज बसों में फ्री यात्रा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रोडवेज बसों में फ्री यात्रा की घोषणा की है। फ्री यात्रा की सुविधा रविवार रात 12 बजे के बाद राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में महिलाओं के लिए निशुल्क शुरू हो जाएगी। फ्री यात्रा की सुविधा एसी, वॉल्वो, और ऑल इंडिया परमिट की बसों में लागू नहीं होगा। रक्षाबंधन के मौके पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार 19 अगस्त 2024 को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर प्रदेश की सभी महिलाएं/बालिकाएं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से संचालित सभी कैटेगरी की बसों में फ्री यात्रा कर सकेंगी।

#### राज्य की सीमा में कंडक्टर फ्री टिकट जारी करेंगे

आदेश के अनुसार राज्य की सीमा में सभी महिलाओं को कंडक्टर फ्री टिकट जारी करेंगे। यह टिकट इलेक्ट्रॉनिक टिकट मशीन से जारी करेंगे। मशीन नहीं होने की स्थिति में फ्री टिकट बुक कर महिला या बालिका यात्री के साथ ट्रैवल की तारीख नोट करेंगे। फ्री यात्रा केवल एक दिन के लिए मान्य होगी। निशुल्क यात्रा अगले 24 घंटे तक मान्य होगी। इसके लिए यात्रा करने वाली महिलाएं पहले से रिजर्वेशन भी करवा सकेंगी।

## जम्मू में अकेले चुनाव लड़ेगी भाजपा

### कश्मीर में निर्दलियों से गठबंधन संभव

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की रविवार (18 अगस्त) को जम्मू में बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री और जम्मू-कश्मीर भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी किशन रेड्डी, नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुघ और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भी बैठक में शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि पार्टी जम्मू में अकेले चुनाव लड़ेगी। कश्मीर में निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन कर सकती है। किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। बैठक के केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा- क्ष्क्ष्क चुनाव के लिए 24 घंटे और सातों दिन तैयार है। चुनाव को लेकर हमारी बैठकें और चर्चाएं रेग्युलर चलती रहेंगी। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा 21 अगस्त को कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी करेगी। पार्टी अगले हफ्ते से चुनाव प्रचार की शुरुआत कर सकती है।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, सुप्रीम कोर्ट ने खुद नोटिस लिया

### 20 को सीजेआई की बेंच में सुनवाई; सीबीआई ने घटनास्थल की 3डी मैपिंग की

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस पर सुप्रीम कोर्ट ने रविवार (18 अगस्त) को खुद नोटिस लिया। 20 अगस्त को सुबह 10.30 बजे चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। बेंच में सीजेआईके अलावा जस्टिस जेबी पादरीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा रहेंगे।

सीबीआई टीम ने रविवार को राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड की 3D लेजर मैपिंग की है। वहीं, कोलकाता की घटना के विरोध में देशभर में डॉक्टरों के प्रोटेस्ट का आज 9वां दिन है। मामले की जांच कर रही



सीबीआई ने बताया कि आरोपी संजय का साइकोलॉजिकल टेस्ट किया गया। सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी से मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विश्लेषकों की 5 मेंबर्स की टीम यह टेस्ट कर रही है। इससे पता चल सकता है कि जघन्य अपराध को लेकर आरोपी संजय की क्या मानसिकता थी।

## चंपाई सोरेन बोले-आज से नया अध्याय, मेरे पास 3 विकल्प

### पहला- संन्यास लूं, दूसरा- अलग संगठन खड़ा करूं, तीसरा- किसी साथी के साथ चल दूं

बढ़ता राजस्थान

**रांची( एजेंसी )।** झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया ट्वीटर पर झामूमू को लेकर अपना स्टैंड साफ कर दिया है। उन्होंने लिखा कि पार्टी में मेरा अपमान हुआ है। सीएमरहते मैं बेहतर काम कर रहा था। मुझे हटाया गया। मुख्यमंत्री रहने के बावजूद मुझे बीच कार्यक्रम से बुला लिया गया। विधायक दल की बैठक में मुझसे इस्तीफा मांग लिया गया। आज से मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। इसमें मेरे पास तीन विकल्प हैं। पहला, राजनीति से संन्यास लेना, दूसरा, अपना अलग संगठन खड़ा करना और तीसरा, इस राह में अगर कोई साथी मिले, तो उसके साथ आगे का सफर तय करना।

इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया साइट ट्वीटर के बायो से झामूमू लीडर और मंत्री हटा लिया है। पूर्व सीएम के घर सरायकेला-खरसावां जिले के गांव



जिलिंगगोड़ा से झामूमू का झंडा हट गया है।

आज दोपहर करीब 1 बजे चंपाई सोरेन दिल्ली पहुंचे। बीजेपी में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी मैं जहां पर हूं वहीं पर हूं। यहां मेरे बच्चे रहते हैं। मैं उनसे मिलने आता रहता हूं। मैं निजी काम से दिल्ली आया हूं। शनिवार से ही चंपाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने की अटकलें चल रही हैं।

## राजस्थान के 100 हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी

### मेल में लिखा- अस्पताल में सभी मारे जाएंगे, पहले की तरह इस बार भी झूठा निकला मामला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के मोनिलेक और सीके बिरला समेत राजस्थान के 100 से ज्यादा हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी अफवाह निकली। सुबह साढ़े आठ से दोपहर डेढ़ बजे तक पुलिस की टीमों ने संबंधित हॉस्पिटल में सर्च ऑपरेशन चलाया। कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। इससे पहले भी कई बार मेल करके बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है। हर बार पूरा मामला झूठा साबित होता है।

रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे आए मेल ने हॉस्पिटल प्रबंधन के होश उड़ा दिए थे। मेल में लिखा था- हॉस्पिटल के बेड के नीचे और बाथरूम के अंदर बम है। हॉस्पिटल में मौजूद सभी लोग मारे जाएंगे। हर तरफ खून ही खून होगा। तुम सभी लोग मौत के ही लायक हो। मेल करने वाले ने खुद की पहचान लखा आतंकवादी चिंग और कल्टिस्ट के रूप में उजागर किया है।

जयपुर के दर्जनभर से ज्यादा हॉस्पिटल को इस तरह की धमकी मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंच गई और सर्च शुरू किया। मोनिलेक हॉस्पिटल जवाहर नगर (जयपुर) के सेक्टर 4 में स्थित है। सीके बिरला हॉस्पिटल गोपालपुरा मोड़ (जयपुर) पर त्रिवेणी फ्लाई ओवर के पास शांति नगर में है।


#### एटीएस और बम निरोधक दस्ता हॉस्पिटल पहुंचा

एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया- हॉस्पिटल्स से अभी जानकारी मिली है। इसके बाद में एटीएस और बम निरोधक दस्ता के अधिकारियों को भेजा गया है। दोनों ही अस्पतालों में सर्च चल रहा है। अभी तक किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। मेल करने वाले का आईपी एड्रेस सर्च किया जा रहा है

#### तीन महीने पहले स्कूलों को मेल कर दी गई थी धमकी

तीन महीने पहले जयपुर सहित तमाम शहरों के स्कूलों को मेल कर बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने तमाम स्कूलों की जांच की थी। कहीं से भी किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की सूचना नहीं मिली थी।

इस घटना से ठीक एक दिन पहले जयपुर सहित देश के 12 एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। पिछले कुछ महीने में मेल कर धमकी देने की लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं।



#### सबसे पहले मोनिलेक से मिली मेल की जानकारी

**सुबह सबसे पहले 8.30 बजे मोनिलेक हॉस्पिटल से पुलिस को मेल के बारे में सूचना मिली। करीब 8.45 बजे पुलिस की टीम मोनिलेक हॉस्पिटल पहुंच गई। एटीएस, इमरजेंसी रिस्पांस टीम (ईआरटी) और बम निरोधक दस्ता ने सर्च अभियान शुरू किया है। इसे दौरान 9 बजे सीके बिरला से भी सूचना मिली। इसके बाद मोनिलेक हॉस्पिटल से करीब 10.30 बजे ईआरटी टीम सीके बिरला हॉस्पिटल पहुंची। यहां भी सर्च चल रहा है।**

#### एक्सपर्ट बोले- सीबीआई और इंटरपोल की मदद लेनी चाहिए

तीन महीने पहले स्कूलों को मिली धमकी के बाद दैनिक भास्कर ने साइबर एक्सपर्ट से बात की थी। साइबर क्राइम पुलिस थाना के पूर्व इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद ने कहा था- किसी थाना स्तर की पुलिस ऐसे आरोपियों तक नहीं पहुंच सकती है। पुलिस के पास जांच के लिए पर्याप्त सॉफ्टवेयर और संसाधन मौजूद हैं। लेकिन इनका उपयोग नहीं किया जा रहा है। जांच अधिकारी इन टूल्स का प्रशिक्षण लेने के बावजूद उपयोग नहीं करते हैं।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# बढ़ता विचार



## सम्पादकीय

### जम्मू-कश्मीर में जम्हूरियत का जश्न, दस वर्ष बाद फिर कायम होगा जनता का शासन

आखिरकार जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों की तारीखें घोषित कर दी गईं। वहां दस वर्ष बाद चुनाव होने जा रहे हैं। स्वाभाविक ही, वहां के राजनीतिक दलों में उत्साह नजर आ रहा है। दरअसल, वहां चुनाव न कराए जा सकने की वजह से लंबे समय से लोकतांत्रिक प्रक्रिया थम-सी गई थी। राजनीतिक गतिविधियां भी ठहरी हुई थीं। इसलिए मांग की जा रही थी कि जितना जल्दी हो सके, वहां चुनाव कराए जाएं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा था कि तीस सितंबर तक वहां चुनाव करा लिए जाएं। अब निर्वाचन आयोग ने तीन चरण में वहां चुनाव कराने की घोषणा कर दी है। लंबे समय बाद वहां इतने कम चरण में चुनाव होंगे। हालांकि इसके साथ ही हरियाणा विधानसभा के लिए भी मतदान होंगे, जो एक ही चरण में कराए जाएंगे। मगर सबकी नजर जम्मू-कश्मीर पर बनी हुई है। वहां परिसीमन का काम पिछले वर्ष ही पूरा कर लिया गया था, जिसमें तीन नई सीटें जुड़ गई थीं। अब वहां भी नब्बे सीटें हो गई हैं। हालांकि परिसीमन को लेकर वहां के राजनीतिक दलों ने गहरा असंतोष व्यक्त किया था और उनका आरोप था कि उनसे सुझाव नहीं लिया गया। मगर अब वह असंतोष थम गया लगता है।

किसी भी राज्य को लंबे समय तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दूर रखने से वहां के विकास कार्यों पर तो बुरा असर पड़ता ही है, नागरिकों का लोकतंत्र पर भरोसा भी कमजोर होने लगता है। दस वर्ष पहले हुए पिछले चुनाव में जब किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था, तो भाजपा से सहयोग से पीडीपी ने सरकार बनाई थी। वह सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई थी। समय से पहले ही महबूबा मुफ्ती ने इस्तीफा दे दिया और वहां राज्यपाल का शासन लगा दिया गया था। उसके एक वर्ष बाद विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांट दिया गया था। अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद से वहां उपराज्यपाल का शासन चला आ रहा है।

केंद्र सरकार लगातार दावा करती रही कि वह जल्द वहां चुनाव करा कर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस लौटा देगी। मगर स्थितियां सामान्य न होने के तर्क पर चुनाव टलते रहे। माना जा रहा था कि लोकसभा के साथ ही वहां विधानसभा के चुनाव भी करा लिए जाएंगे, मगर निर्वाचन आयोग ने अलग से चुनाव कराना उचित माना। देर से ही सही, अब निर्वाचन आयोग की परीक्षा है कि वह किस प्रकार वहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराता है। कई मामलों में दूसरे राज्यों की अपेक्षा जम्मू-कश्मीर संवेदनशील राज्य है। वहां हर वक्त आतंकी गतिविधियों का खतरा बना रहता है। कई लोगों का मानना है कि अगर विधानसभा चुनाव ठीक से संपन्न होंगे, तो आतंकी गतिविधियों पर विराम लगाने में भी कामयाबी मिल सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह लोगों का उत्साह देखने को मिला, उससे उम्मीद की जाती है कि जम्हूरियत के जश्न में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। निर्वाचन आयोग ने भी ऐसी ही उम्मीद जताई है।

## रक्षाबंधन : भाई-बहिन के रिश्तों में नवीन ऊर्जा का पर्व है रक्षाबंधन

**भाई-बहन के पवित्र संबंध के महत्व को हमारे देश में कई पर्व-त्योहारों में प्रतिबिंबित किया गया है। उनमें रक्षाबंधन सर्वोपरि है, धार्मिक एवं अलौकिक महत्व का यह त्योहार बहन भाई के स्नेह, अपनत्व एवं प्यार के धागों से जुड़ा है, जो घर-घर में भाई-बहिन के रिश्तों में नवीन ऊर्जा एवं आपसी प्रगाढ़ता का संचार करता है। रक्षाबंधन का गौरव अंतहीन पवित्र प्रेम की कहानी से जुड़ा है। उड़ीसा में पुरी का सुप्रसिद्ध जगन्नाथ मन्दिर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित है। भाई-बहन के रिश्ते को भारत के हर धर्म एवं परम्परा में पवित्रता की नजर से देखा गया है। लेकिन विश्व की दूसरी संस्कृतियों में स्त्री-पुरुष के आपसी संबंधों में भाई-बहन वाले रिश्ते को इतनी पवित्रता, उत्सवमयता एवं गरिमापूर्ण ढंग से निभाने के और उदाहरण कम ही मिलते हैं।**

ललित गर्ग



भाई और बहन के रिश्ते को फौलाद-सी मजबूती देने वाला एवं सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता एवं एकसूत्रता का सांस्कृतिक एवं मानवीय मूल्यों का अनूठा पर्व है रक्षाबंधन। ऐसा माना जाता है कि राखी के रंगबिरंगे धागे भाई-बहन के प्यार के बन्धन को मजबूत करते हैं और सुख-दुख में साथ रहने का विश्वास दिलाते हैं। सगे भाई बहन के अतिरिक्त अनेक भावनात्मक रिश्ते भी इस पर्व से बँधे होते हैं जो धर्म, जाति और देश की सीमाओं से परे हैं। यही कारण है कि यह मानवीय सम्बन्धों की रक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीयता को सुदृढ़ करने के संकल्पों का भी पर्व है। भाई-बहन का प्रेम बड़ा अनूठा और अद्वितीय माना गया है। बहनों में उमंग और उत्साह को संचरित करता है, वे अपने प्यारे भाइयों के हाथ में राखी बांधने को आतुर होती हैं। बेहद शालीन और सात्विक स्नेह संबंधों का यह पर्व सदियों पुराना है। राखी से जुड़ी एक सुंदर घटना का उल्लेख महाभारत में मिलता है। सुंदर इसलिए क्योंकि यह घटना दर्शाती है कि भाई-बहन के स्नेह के लिए उनका सगा होना जरूरी नहीं है। कथा है कि जब युधिष्ठिर इंद्रप्रस्थ में राजसूय यज्ञ कर रहे थे उस समय सभा में शिशुपाल भी मौजूद था। शिशुपाल ने भगवान श्रीकृष्ण का अपमान किया तो श्रीकृष्ण ने अपने सुदर्शन चक्र से उसका वध कर दिया। लौटते हुए सुदर्शन चक्र से भगवान की छोटी उंगली थोड़ी कट गई और रक्त बहने लगा। यह देख द्रौपदी आगे आईं और उन्होंने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर श्रीकृष्ण की उंगली पर लपेट दिया। इसी समय श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को वचन दिया कि वह एक-एक धागे का ऋण चुकाएंगे। इसके बाद जब कौरवों ने द्रौपदी का चीरहरण करने का प्रयास किया तो श्रीकृष्ण ने चीर बढ़ाकर द्रौपदी के चीर की लाज रखी। राखी के बारे में भविष्य पुराण में वर्णन मिलता है कि देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ, तब दानव हावी होते नजर आने लगे। भगवान इंद्र घबराकर बृहस्पति के पास गए। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इंद्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मंत्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह दिन भी श्रावण पूर्णिमा का दिन था।

रक्षाबन्धन आत्मीयता और स्नेह के बन्धन से रिश्तों को मजबूती प्रदान करने का पर्व है। यही कारण है कि इस अवसर पर न केवल बहन भाई को ही अपितु अन्य सम्बन्धों में भी रक्षा (या राखी) बाँधने का प्रचलन है। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। कथा कुछ इस प्रकार है- दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं में खलबली मच गयी और वे सभी भगवान विष्णु से प्रार्थना करने पहुंचे। तब भगवान वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा माँगने पहुँचे। गुरु के मना करने पर भी बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश पाताल और धरती नापकर राजा बलि को रसातल में भेज दिया। इस प्रकार भगवान विष्णु द्वारा बलि राजा के अभिमान को चकनाचूर कर देने के कारण यह पर्व बलेव नाम से भी प्रसिद्ध है। रक्षाबंधन का महत्व एवं मनाने की बात महाभारत में भी उल्लेखित है कि जब ज्येष्ठ पाण्डव युधिष्ठिर ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूँ तब भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर आपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा श्रीकृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बाँधने के कई उल्लेख मिलते हैं। एक अन्य कथा के अनुसार सिकंदर जब विश्वविजय के लिए निकला तो उसकी पत्नी ने अपने पति के हिंदू शत्रु महाराज पुरू को राखी बांधकर मुंहबोला भाई बना लिया था और उससे सिकंदर को न मारने का वचन ले लिया था। पुरू ने युद्ध के दौरान हाथ में बंधी राखी का मान रखा और सिकंदर को जीवनदान दे दिया।

राखी की सबसे प्रचलित और प्रसिद्ध कथा के अनुसार मेवाड़ की विधवा महारानी कर्मावती को जब बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्वसूचना मिली तो वह घबरा गयी। रानी कर्मावती बहादुरशाह से युद्ध कर पाने में असमर्थ थी। तब उसने मुगल शासक हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुंचकर बहादुरशाह के विरुद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती और उसके राज्य की रक्षा की। राखी के बारे में प्रचलित ये कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती। अब उसमें प्रदर्शन का घुन लग गया है। पर्व को सादगी से मनाने की बजाय बहनें अपनी सज-धज की चिंता और भाई से राखी के बहाने कुछ मिलने के लालच में ज्यादा लगी रहती हैं। भाई भी उसकी रक्षा और संकट हरने की प्रतिज्ञा लेने की बजाय जेब हल्की कर इतिश्री समझ लेता है। अब राखी में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा। एक बार देवी लक्ष्मी ने लीला रची और गरीब महिला बनकर राजा बलि के सामने पहुंचीं और राजा बलि को राखी बांधी। बलि ने कहा कि मेरे पास तो आपको देने के लिए कुछ भी नहीं हैं, इस पर देवी लक्ष्मी अपने रूप में आ गईं और बोलीं कि आपके पास तो साक्षात भगवान हैं, मुझे वही चाहिए, मैं उन्हें ही लेने आई हूं। इस पर बलि ने भगवान विष्णु को माता लक्ष्मी के साथ जाने दिया। जाते समय भगवान विष्णु ने राजा बलि को वरदान दिया कि वह हर साल चार महीने पाताल में ही निवास करेंगे। यह चार महीने चार्तुमास के रूप में जाने जाते हैं जो देवशयनी एकादशी से लेकर देवउठनी एकादशी तक होते हैं। राखी त्योहार से जुड़ी कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसी बहन का साया जब भी भाई को पुकारता था, तो दुनिया की हर ताकत से लड़कर भी भाई उसे सुरक्षा देने दौड़ पड़ता था और उसकी राखी का मान रखता था। आज भातृत्व की सीमाओं को बहन फिर चुनौती दे रही है, क्योंकि उसके उम्र का हर पड़ाव असुरक्षित है, उसकी इज्जत एवं अस्मिता को बार-बार नौचा जा रहा है। बौद्धिक प्रतिभा होते हुए भी उसे ऊंची शिक्षा से वंचित रखा जाता है, क्योंकि आखिर उसे घर ही तो संभालना है। नयी सभ्यता और नयी संस्कृति से अनजान रखा जाता है, ताकि वह भारतीय आदर्शों व सिद्धांतों से बगावत न कर बैठे। इन हालातों में उसकी योग्यता, अधिकार, चिंतन और जीवन का हर सपना कसमसाते रहते हैं। इसलिए राखी के इस परम पावन पर्व पर भाइयों को ईमानदारी से पुनः अपनी बहन ही नहीं बल्कि संपूर्ण नारी जगत की सुरक्षा और सम्मान करने की कसम लेने की अपेक्षा है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा।

**वृष**

आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें।

**मिथुन**

चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है।

**कर्क**

वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**सिंह**

आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कन्या**

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। बनते कामों में बाधा हो सकती है।

**तुला**

छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। संचित कोष में वृद्धि होगी। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**

भाइयों का सहयोग मिलेगा। पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**धनु**

कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**मकर**

जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें।

**कुंभ**

दूसरों से अपेक्षा न करें। कुसंगति से हानि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**मीन**

मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। भय रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

## शख्सियत

**हम समाज का एक हिस्सा हैं हम क्या कर रहे हैं और कैसे कर रहे हैं यही समाज हमसे सीखता है यदि हम बुरे कर्म कर रहे हैं तो यही समाज बुरा बनेगा यदि हम अच्छा कर्म कर रहे हैं तो समाज स्वतः ही अच्छा बनेगा........**

नमस्कार दोस्तों हमारे आज शख्सियत कॉलम की चमकती हुई सितारा हैं डॉ. सरोज गुप्ता चीफ पैथोलॉजिस्ट् डॉ.बी लाल क्लिनिकल लैब, एमडी सरोज डायग्नोस्टिक सेंटर की। इनका जन्म 22 जून 1958 को हुआ। मेडिकल शिक्षा मे एमबीबीएस मे 1975 मे सलेक्ट हुई और 1980 मे अपनी डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी की, जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर से 1984 में एमडी पैथोलॉजी कंप्लीट की फिर और आरपीएससी मे सलेक्शन के बाद दो साल तक जेएलएन मेडिकल कॉलेज मे ही लेक्चरर के पद पर कार्य किया उसके बाद 7 साल तक राजस्थान सरकार मे सीएएस के पद पर कार्य किया। फिर 1992 मे अलवर मे अपने पति डॉ. प्रमोद रावत जो की एमबीबीएस और एमडी रेडियोलोजिस्ट है के साथ अपनी खुद की लैब सरोज डायग्नोस्टिक सेंटर की शुरुआत की, परिवार मे दो पुत्रिया है वो भी डॉक्टर है एक दामाद अलवर मे ही राहुल गुप्ता स्किन डॉक्टर और एक उदयपुर मे व्यवसायी है। ये वर्तमान मे सेठ मक्खन लाल चेरिटेबल ब्लड बैंक मे सचिव भी है। सामाजिक सरोकार मे 20 साल पहले गायत्री परिवार अलवर से जुड़ी और वर्तमान मे वहाँ मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी हैस अपने बिजी शेड्यूल मे से समय निकालकर मन्दिर मे अपनी टीम के साथ कई नवाचार करने जैसे मन्दिर परिसर का नविनीकरण, देशी गायो के संवर्धन और संरक्षण के लिए गायत्री शक्तिपीठ मे गोशाला का निर्माण, गरीब महिलाओ के स्वावलंबन के लिए गाय के गोबर से गोमय दीपक, खाद, हवन समिधा, आचार मंगोडी बनाने का प्रशिक्षण देने के साथ गायत्री परिवार द्वारा समाज हित मे चलाये जा रहे 8 आंदोलनों मे अपनी सक्रिय भागीदारी निभाती हैस गर्भवती महिलाओ और उनके होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य के लिए गर्भ का विज्ञान प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यक्रम आओ गढ़े संस्कारवान पीढी मे 8 साल पहले आईएमए के कई डॉक्टर्स और ओबीजी डॉक्टर्स के साथ राजस्थान का पहला बड़ा कार्यक्रम कियास वर्तमान मे आओ गढ़े संस्कारवान पीढी की स्टेट कोऑर्डिनेटर भी है, और शहर मे अपनी टीम के साथ कई आंगनवाडी केंद्र, हॉस्पिटल मे ग्रुप मे गर्भवती महिलाओ को स्वास्थ्य शिक्षा देना और उनकी समस्याओं का डॉक्टर्स द्वारा उचित समाधान बताने का कार्य समय समय पर करती हैं।

ओन लाइन जूम पर माँ की पाठशाला नाम से हर महीने मे 2 बार कार्यशाला भी आयोजित करवाती है। अलवर जेल की महिला सेल मे आराधना ग्रुप के साथ वहाँ की बदियों को सिलाई मशीन और अन्य स्वावलंबन के साधन तथा गायत्री मंत्र लेखन, करीब 200 धार्मिक पुस्तक देकर, हवन कराने, सुबह शाम आरती और साक्षरता अभियान से उन्हे मुख्य धारा मे लाने का प्रयास करना हैस सरकारी स्कूलों मे जाकर कन्या कोशल शिविर लगाकर बालिकाओ को नैतिक और स्वास्थ्य शिक्षा देनाए वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत शहर मे आराधना ग्रुप और गायत्री परिवार की टीम के साथ हजारों पौधे रोपण कर चुकी है। शहर के कई परिवारों और कई डॉक्टर्स को गायत्री यज्ञ, मंत्र लेखन, स्वावध्याय के लिए अपने गुरुदेव का साहित्य, नैनो यज्ञ किट उपलब्ध करवा कर आध्यात्मिक गतिविधियों से जोड़ने का श्रेय इन्ही को जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**



डॉ.सरोज गुप्ता
( एमडी सरोज डायग्नोस्टिक सैंटर व मुख्य ट्रस्टी गायत्री परिवार अलवर )

## आज का इतिहास

### 19 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मैक्सिमिलियन 1493 में प्रथम ऑस्ट्रिया का राजकुमार बना।
- फ्रांसीसी राजा हेनरी चतुर्थ ने 1591 में उत्तरी फ्रांस के शहर रोएन पर कब्जा किया।
- मुगल बादशाह अकबर ने 1600 में अहमदनगर पर विजय हासिल की।
- स्जालंकमेन के युद्ध में 1691 को ऑस्ट्रिया ने तुर्कों को पराजित किया।
- छत्रपति शिवाजी महाराज 1666 को आगरा से फलों की टोकरी में छिपकर औरंगजेब की कैद से फरार।
- ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा पहला एक रुपये का सिक्का 1757 में ढाला गया।
- स्पेन और फ्रांस ने 1796 में ब्रिटेन गठबंधन के खिलाफ हस्ताक्षर किये।
- अमेरिका के युद्धपोत ने 1812 में ब्रिटेन के युद्धपोत गर्रियर को हराया।
- फोटो तत्व की खोज को लेकर रिपोर्ट पेश होने पर 1839 में विश्व फोटोग्राफी दिवस की शुरुआत हुई।
- जापान के साथ युद्ध में पराजय के पश्चात चीन ने 1895 में शीमोनोस्की समझौते के अनुसार ताइवान नामक द्वीप जापान के हवाले कर दिया।
- लंदन में 1897 को पहली इलेक्ट्रिक टैक्सी का परिचालन किया गया।
- नीदरलैंड में 1915 को राशन कानून प्रभावी हुआ।
- अफ़ग़ानिस्तान ने 1919 में ब्रिटेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- गुरुवर रवींद्र नाथ टैगोर ने 1939 को कलकत्ता में सुभाष चंद्र बोस महाजती सदन का शिलान्यास किया.
- भारत से जापान की अंतिम सैन्य टुकडी को 1944 में खदेडा गया।
- भुवनेश्वर 1949 में ओडिशा की राजधानी बनी।
- अमेरिका ने 1955 में साइकिल पर आयात शुल्को 50 फीदसी बढाया
- स्पूतनिक 5 अंतरिक्ष यान से 1960 को दो कुत्तें और तीन चूहे अंतरिक्ष में भेजे गए। बाद में यह पांचों जीवित पाए गए।

## विशेष आलेख

### स्त्रियां पूज्या हैं भोग की वस्तु नही। नारी उत्थान से ही राष्ट्र की उन्नति।

संजीव ठाकुर

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को 'माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या' अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है।

राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है।

तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है।

पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी।

वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यों से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है। यह कहने में कतई गुरेज नहीं है कि महिलाएं राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, चिकित्सकीय, और विज्ञान में देश के हित के लिए अग्रणी रही हैं। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को नमन करते हुए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें साधुवाद प्रदान कर उनकी इस भूमिका को प्रणाम करता है।

# कोलकाता में रेजिडेंट के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में चिकित्सकों ने निकाला कैंडल मार्च

## रेजिडेंट के हत्यारों को फांसी दो के नारे लगाए, महिलाओं में बना हुआ है आक्रोश






बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** अभी हाल ही में कुछ दिन पहले कोलकाता में रेजिडेंट डॉक्टर के साथ बलात्कार और निर्मम हत्या के विरोध में सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सकों ने यहां कैंडल मार्च निकाला। शनिवार की देर शाम को चिकित्सकों द्वारा निकाले गए कैंडल मार्च प्रदर्शन को शहर के आम नागरिकों का समर्थन मिला और कैंडल मार्च प्रदर्शन में शहर के मेडिकल संचालको सहित सभी सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कोलकाता में महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ रेप और उसकी हत्या किए जाने के बाद से यहां आमजन और चिकित्सकों मे क्रोध व्याप्त हो रहा है। इस घटना लेकर शनिवार की देर शाम को आमजन के समर्थन के साथ मेडिकल सेवाओं से जुड़े समस्त वर्ग व आमजन और चिकित्सकों ने हत्यारो को फांसी देने की मांग उठाई । तो वहीं इस मामले में पश्चिम बंगाल राज्य सरकार की ओर से शिथिलता बरतने के विरोध में भी प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार इस निंदनीय घटना को लेकर शनिवार रात शहर के ममता सर्कल पर विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों की महिलाएं ,एवं पुरुषों सहित युवक युवतियां तथा सरकारी गैर सरकारी चिकित्सक एकत्रित हुए। यहां सभी ने अपने हाथों में कैंडल लेकर एक साथ मिलकर कैंडल मार्च निकाला । कैंडल मार्च में महिलाओं और चिकित्सकों ने हत्यारों को फांसी दो , रेप की सजा फांसी हो नारी को सम्मान मिले,वी वांट जस्टिस समेत नारे लगाते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की । शनिवार को यहां कैंडल मार्च ममता सर्कल से शुरू हुआ जो छतरी चौराहा,पेट्रोल पंप चौराहा होते हुए नगर पालिका के बाहर दांडी यात्रा स्टैचू पर पहुंचा ।जहां कैंडल मार्च में शामिल सभी लोगों ने उक्त घटना के विरोध में जमकर नारे बाजी की ओर पश्चिम बंगाल सरकार के विरुद्ध रोष व्यक्त किया। तो वहीं कैंडल मार्च के बाद जुलूस में शामिल चिकित्सकों एवं लोगों ने दांडी स्टैचू पर महिला चिकित्सक की तस्वीर रखकर माल्यार्पण कर सभी ने बारी-बारी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कैंडल मार्च में डॉ. राजकुमार गुप्ता, सुधा मंगल, मुस्ताक अहमद, सरिता मीना राजेश जैन डेंटिस्ट राहुल जिंदल वरिष्ठ पार्षद भीमराज जैन ,नर्सिंग ऑफिसर जिनेंद्र बिलाला, पवन जैन, अशोक, समेत दर्जनो आम नागरिक और चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे।

## बीसलपुर बांध में कम हुई पानी की आवक, बढ़ने लगा तापमान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** टोंक जिले समेत बीसलपुर बांध के भराव क्षेत्र में मौसम साफ है। जिले में पिछले 2 दिन में बारिश नहीं हुई। इसके चलते बीसलपुर बांध में भी पानी की आवक शनिवार के मुकाबले रविवार को कम हुई। बीसलपुर बांध में 28 घंटे में पानी की आवक 14 सेंटीमीटर हुई। इसी के साथ बीसलपुर बांध का जल स्तर रविवार सुबह 10 बजे तक 313.23 आर एल मीटर हो गया है। अभी भी धीमी गति से पानी की आवक बनी हुई है। शनिवार को इसी अवधि में 18 सीएम पानी की आवक हुई थी। उधर बीसलपुर बांध को छोड़कर अन्य 32 बांधों में भी 99.55 प्रतिशत पानी आ चुका है। इनमें बीते 24 घंटे में बारिश नहीं होने से पानी की आवक काफी कम बनी हुई है। वहीं बीते 28 घंटे में जिले में कही भी बारिश नहीं हुई है। आसमान में बादल जरूर छाये हुए है। लेकिन धूप में शनिवार के मुकाबले रविवार को ज्यादा तेजी है। इसके चलते अधिकतम तापमान भी रविवार के मुकाबले 2 डिग्री बढ़कर 33 डिग्री रहने के आसार है। जबकि न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री बढ़कर 27 डिग्री रहा है।

## एबीवीपी की निवाई नगर कार्यकारिणी घोषित, छोटूलाल मीणा बने नगर अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया जिसमें एबीवीपी की निवाई नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई। जिला संगठन मंत्री मोनू स्वामी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी आज एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। उन्होंने कहा कि परिषद की स्थापना का मूल उद्देश्य व्यक्तित्व निर्माण के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को जगाना है। जिला संयोजक अजय डोई ने नगर कार्यकारिणी के नवीन दायित्वान कार्यकर्ताओं की घोषणा की। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद निवाई नगर के नगर अध्यक्ष के पद पर छोटूलाल मीणा को मनोनीत किया व कार्यकारणी में नगर मंत्री अभिषेक पारीक, नगर सहमंत्री चंद्रशेखर वर्मा और ज्योति अजमेरा को मनोनीत किया गया। बैठक में टोंक जिला जिला प्रमुख दीपेंद्र सिंह, विष्णु वर्मा, प्रियांशी भाट, अर्चना मीणा, प्रीति सैनी, मनीष योगी, ज्योति सैनी, युवराज सिंह व अनुराग चौधरी को दायित्व दिए गए।

## बैग लौटाकर फाटक के गेटमेन शिवजीराम मीणा ने दिया ईमानदारी का परिचय

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/गुंसी।** जयपुर-सवाईमाधोपुर रेलवे ट्रैक पर रविवार सुबह 8.30 बजे फाटक संख्या 46 के पास मिले एक बेग को उसके मालिक को लौटाकर फाटक के गेटमेन शिवजीराम मीणा ने ईमानदारी का परिचय दिया है। बेग में एक हजार पांच सो रूपए, महंगा एंड्रॉयड मोबाइल, दसवीं एवं बारहवी की अंक तालिका समेत अन्य डाक्यूमेंट्स एवं पांच जोड़ी कपड़े थे। करौली निवासी रोहित माली बयाना पेसेंजर में सवार होकर जयपुर से सवाईमाधोपुर जा रहा था। इसी दौरान बाढ़ दामोदरपूरा के पास फाटक संख्या 46 के नजदीक उसका बेग हाथ से छूटकर गिर गया था। ट्रैक निगरानी के दौरान गेटमैन को बेग दिखाई दिया था। मोबाइल से संपर्क होने के बाद पीड़ित यात्री फाटक पर पहुंचा और अपना बैग को प्राप्त किया। गेटमेन की इस ईमानदारी की अन्य रेलवे कर्मचारियों ने प्रशंसा की।

## बहने भाइयों की कलाई पर आज बांधेगी प्यार की डोरिया


### राखी के त्यौहार की पूर्व संध्या पर बाजारों व बसों में रही भीड़



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षा बंधन के त्यौंहार पर बहने सोमवार को भाइयों की कलाई पर प्यार की डोरियां बांधेगी। जिसको लेकर रविवार को बाजारों में युवक-युवतियों की काफी भीड़ रही। बहनों ने राखियों की दुकानों पर जमकर राखियों की खरीददारी की वहीं मिठाईयों की दुकानों व फलों के ठेलों पर भी ग्राहकों की भीड़ दिखाई दी। राखी के त्यौहार पर अपने घरों को पहुंचने के लिए बसों में काफी भीड़ रही। कई बसों की छतों पर भी यात्री यात्रा करते दिखाई दिए। रक्षा बन्धन के त्यौहार को लेकर बाजार में राखियों की दुकाने सजी रही। रक्षा बन्धन के त्यौहार को लेकर दुकानों पर राखियां सहित पानी के नारियल, मिठाईयां एवं फल खरीदने के लिए महिलाएं, बालिकाएं व युवतियों की भीड लगी रही। वहीं बाजारों में लोगों ने अपनी बहन-बेटियों को साडियां भेंट करने के लिए कपडों की दुकानों पर खरीददारी की। खरीददारी के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोगों का सैलाब उमडा रहा। जिससे बडा बाजार, चौहट्टी बाजार, जमात, पुरानी सब्जी मंडी, बिलाला मार्केट, गणगौरी बाजार, पटेल रोड, टोंक रोड व झिलाय रोड सहित कई मार्गों में लोगों की भीड लगी रही। सोमवार को रक्षा बंधन के त्यौहार पर बहिनें अपने भाईयों की लम्बी उम्र की कामना को लेकर कलाई पर रक्षा सूत्र बांधेगी।

## मुस्लिम बहिन ने निभाई अपनी परंपरा, पूर्व कृषि मंत्री डॉ सैनी को बांधी राखी



बढ़ता राजस्थान

**टोंक/दूनी (नि.स.)।** रविवार को अलीगढ़ कस्बें की जैबुन्निसा बेगम ने पूर्व कृषि मंत्री डॉ प्रभुलाल सैनी की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर हिन्दू मुस्लिम सौहार्द की मिसाल पेश की है। टोंक जिलें की अलीगढ़ कस्बें की जैबुन्निसा बेगम ने अपनी बरसों की रस्म व परम्परा निभाते हुए रविवार को पूर्व कृषि मंत्री डॉ प्रभुलाल सैनी की हिन्दू संस्कृति के अनुसार तिलक लगाकर, मुंह मीठाकर व पूजा करके कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। गौरतलब है कि जैबुन्निसा बेगम स्वर्गीय मुन्ना भाई की बहिन है, जो लगभग 20 वर्षों से सैनी को रक्षासूत्र बांधती आ रही है। मुन्ना सैनी के बेहद अजीज तथा भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। दोनों परिवारों के स्नेह ने गंगा - जमुनी संस्कृति को पोषित करते हुए हिंदु -मुस्लिम एकता को बढ़ावा दिया है।

## विश्व स्तन पान सप्ताह को लेकर कार्यशाला दी महत्वपूर्ण जानकारियां

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** विश्व स्तन पान सप्ताह के उपलक्ष्य में बंधन कौनगर और ब्लॉक मुख्य चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक प्रबंधक गिरीश तिवारी ने संस्था का परिचय देते हुए बताया गया कि बंधन कौनगर संस्था निवाई ब्लॉक में कोटक महेद्रा बैंक के वित्तीय सहयोग से गर्भवती और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए इंचेन्स परियोजना का क्रियान्वयन कर रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ द्वारा स्तन पान के विषय में संस्था के कार्मिक और स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता समुदाय में धात्री और गर्भवती महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से समूह चर्चा और स्वास्थ्य सभा का आयोजन करेंगी। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि बीसीएमएचओ शैलेन्द्र चौधरी द्वारा स्तनपान के बारे में तकनीकी जानकारी दी और संस्था द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गयी।

विशेष अतिथि केके विजय द्वारा स्तनपान की भ्रांतियों को दूर किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर अनीता द्वारा स्तनपान के समय रखने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश जैन ने बताया गया कि धात्री महिलाओं और बच्चों के पोषण के बारे में बताया गया। इस अवसर पर बीपीएम जयदीप सिंह द्वारा मिल्क बैंक और स्वास्थ संबंधित योजना के बारे में बताया। इस अवसर पर आईसीडीएस सुपरवाइजर मीरा चौधरी भी उपस्थित रही। संस्था की मनीषा अग्रवाल और पूजा वर्मा द्वारा संचालन किया गया।

## श्रीराम कथा महोत्सव को लेकर प्रचार प्रसार जोरो पर भव्य आयोजन की तैयारियां अन्तिम चरण में

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद और श्री राम कथा महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में मालपुरा के महेश सेवा सदन में 24 अगस्त से 2 सितम्बर तक आयोजित होने वाले भव्य, दिव्य एवं भव्य श्री रामकथा महोत्सव को लेकर आयोजको द्वारा प्रचार प्रसार जोर शोर से किया जा रहा है।

भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा व श्री राम कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि परिषद एवं समिति के कार्यकर्ता शहर के घर घर पहुंच कर महोत्सव के लिए जारी प्रचार सामग्री का वितरण कर महोत्सव में शामिल होकर श्री रामकथा सुनने का आव्हान कर रहे हैं।



उन्होंने बताया कि इसके अलावा आयोजन से जुड़ी महिलाऐं 24 अगस्त को महोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर निकाली जाने वाली विशाल कलश यात्रा के लिए घर घर पहुंच कर कलश यात्रा के लिए महिलाओं का पंजीयन कर रही है। व्यवस्थापक रामबाबू परतानी एवं परिषद के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी दिनेश विजय ने बताया कि इस विशाल एवं भव्य आयोजन के आयोजन सरंक्षक क्षैत्रीय विधायक एवं प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी हैं तथा महोत्सव के मुख्य यजमान श्री बी.एल. चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक भामाशाह एवं समाजसेवी बी.एल.चौधरी देशमां होगें। वहीं कथा व्यासपीठ से 24 अगस्त से 1 सितम्बर तक आयोजन स्थल पर दोपहर 1 बजे से सायंकाल 6 बजे तक देश के सुविख्यात रामकथा वाचक संत श्री शंभू शरण जी लाटा कोलकाता रामकथा का रंग बरसाऐंगें।

परिषद सचिव ताराकान्त पाठक एवं समिति महामंत्री त्रिलोकचन्द विजयवर्गीय क्याल व समिति के सह व्यवस्थापक डॉ. राजकुमार वर्मा ने बताया कि 24 अगस्त शनिवार को प्रात: 7.30 बजे नवीन मण्डी बाजार स्थित श्री केदारनाथ मन्दिर से विशाल एवं भव्य कलश यात्रा का जुलुस रवाना होगा। यह जुलुस शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर कथा आयोजन स्थल पहुंचेगा। कलश यात्रा के संयोजक मनोज कुमार व जिनेन्द्र मेन्दवास्या को मनोनीत किया गया है।

## चिकित्सक छात्रा के साथ बलात्कार व हत्या के विरोध में केंडल मार्च



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** रोटरी क्लब मालपुरा सिटी, रेखा देवी मेमोरियल चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में कोलकाता में छात्रा चिकित्सक के साथ बलात्कार के बाद हत्या के विरोध में केंडल मार्च प्रदर्शन किया गया। बीति देर रात्रि सुभाष सर्किल पर रोटरी क्लब के सहायक प्रान्तपाल डॉ अकिंत जैन व रेखा देवी मेंमोरियल अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश जैन के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में शामिल लोगो ने केंडल प्रज् जलवित कर नारेबाज करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान रोटरी क्लब के सहायक डॉ. अकिंत जैन, डॉ. राकेश जैन, डॉ. रोहिणी जैन, डॉ आस्था जैन, डॉ. रिमझिम जैन, डॉ. उज्जवल जैन, डॉ. जीतराम मीणा, डॉ. उमेश शर्मा, डॉ.यशवन्त , डॉ. एच.एस.पारीक, डॉ. एस.एस.बैरवा, डॉ. खुशबू, डॉ.मिनिमय, डॉ. सुरभि, डॉ. नासिर, डॉ. राजकुमार गुप्ता, डॉ. गोपाल शर्मा, डॉ. प्रवीण जांगिड़, सीनियर नर्सिंग स्टाफ राजेन्द्र पारीक के अलावा क्लब के रविकुमार जैन, सौभाग्य सिंह, भागचन्द जैन अजमेरी, अभिषेक शर्मा, सुनील जैन, अमोध पारीक, शेरसिंह राजावत, डॉ. राजाराम शर्मा सहित अन्य कई चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिक मौजुद रहे।

## प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन आज



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** उपखण्ड क्षेत्र मालपुरा में सोमवार को भाई बहिन के अटूट प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के बाजारो में राखियो की कई अस्थाई दुकाने सजी हुई है। जिन पर विशेषकर महिला खरीददारा की भारी भीड़ रही। दुकानदार भी समय की मांग के अनुसार आधुनिक राखियो का भारी स्टाक कर रखा है। इसके अलावा नारियल व गोले भी काफी मात्रा में बिक रही है। साथ ही मिठाईयो व फल फ्रूट की दुकानो पर भी भारी भीड़ नजर आई। वैसे इस बार राखियो के अलावा नारियल गोलो के भाव गत वर्ष की अपेक्षा काफी अधिक है। साथ फल विक्रेताओं ने भी समय की मांग के अनुसार फलो के भाव दोगुने तक कर आम जन को लूटने में पीछे नहीं है। मिठाईयो की दुकानो पर भी नकली मावे की बनी मिठाईयो की भरमार है। फिर भी सभी वस्तुओं की खरीददारी जम कर हो रही है। इसके अतिरिक्त रक्षाबंधन पर्व सरकार ने महिलाओं व बालिकाओं को रोडवेज की बसो में नि:शुल्क यात्रा का तोहफा दिया है। सोमवार को रोडवेज की बसो में महिलाओं व बालिकाओं को यात्रा करने पर परिचालक द्वारा नि:शुल्क यात्रा टिकिट दिया जाएगा। वहीं रक्षाबंधन पर्व को लेकर खासकर महिलाओं व बालिकाओं में विशेष उत्साह बना हुआ है। इस पर्व की मुख्य बात यही है कि हर बहिन अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांध कर जीवन भर साथ देने व रक्षा करने का वादा लेती है। वहीं भाई भी अपनी बहिनो को उनकी पसंद के अनुसार आकर्षक तोहफा देकर बहिन का विश्वास बनाए रखने व जीवन भर रक्षा करने का वादा देते हैं।

## श्रावण मास के अंतिम महा प्रदोष पर शहर के शिवालयों में महादेव का शिव भक्तों ने किया सहस्त्र घटों से अभिषेक, मायला कुंड शिवालय में सजाई 56 भोग की झांकी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** श्रावण मास के महा प्रदोष के पावन अवसर पर रक्तांचल पर्वत की तलहटी में स्थित मायला कुंड शिवालय, श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर, कृषि मंडी स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, शिवाजी कॉलोनी स्थित नर्बदेश्वर महादेव मंदिर सहित शहर के अन्य शिवालयों में सहस्त्र घट के आयोजनों की धूम मची रही। मायला कुंड पर स्थित शिवालय में सहस्त्र घट के बाद भगवान भोलेनाथ के छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। आचार्य पंडित हनुमान शर्मा पराणा के निर्देशन में विद्वान पंडितों ने यजमान से विधिवत पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद सहस्त्र घटों से बाबा का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर छप्पन भोग की झांकी भी सजाई। इस अवसर पर कजोडराम, मीठालाल शर्मा, दामोदर प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, दीनदयाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, राधेश्याम शर्मा, नाथूलाल माली, बाबूलाल नामा, कमल पंडित, शिवराज, राजू सोनी, देवांशु शर्मा व महिला मंडली से गायत्री देवी, कौशल्या देवी, संतोष देवी व अनुराधा देवी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे। इसी प्रकार श्रीगौरी शंकर महादेव मंदिर में आचार्य पं. अरविंद शास्त्री के निर्देशन में पंडित नवरत्न शर्मा, अवधेश शर्मा, हनुमान शर्मा, गोविंद दाधीच व तुषार शर्मा के सानिध्य में यजमान एडवोकेट राजमुरारी कुर्मी, सत्यनारायण कुर्मी, अजय कुमार, गौरव कुर्मी, हेमा कुर्मी, पायल पाटीदार व झामन दास सहित कई श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। आरती के पश्चात फूलों से श्रृंगार कर श्रद्धालुओं को प्रसादी जिमाई गई। इसी प्रकार कृषि मंडी



स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर स्थित शिवालय में आचार्य पंडित रामकल्याण शास्त्री के निर्देशन में सहस्त्र घट का आयोजन हुआ। इसी प्रकार शिवाजी कॉलोनी स्थित नर्बश्वर महादेव मंदिर में भी रुद्राभिषेक किया गया।

## पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा को मातृ शोक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा की माताजी व पूर्व सांसद स्व. द्वारकाप्रसाद बैरवा की धर्म पत्नि आशालता बैरवा का शनिवार की सुबह जयपुर में देहांत हो गया। पूर्व विधायक की माता जी आशालता बैरवा के देहांत की सूचना मिलते ही विधानसभा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए विधानसभा क्षेत्र से कई कार्यकर्ता जयपुर पहुंचे और दिवंगत आत्मा के शव पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूर्व विधायक बैरवा की माताजी के निधन पर विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, पूर्व शहर अध्यक्ष महावीरप्रसाद पराणा, भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता व रामअवतार घाटी सहित अनेक भाजपा कांग्रेस के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

## 1008 श्रद्धालुओं का जत्था सम्मेदशिखर जी की यात्रा के लिए 21 को होगा रवाना

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** श्री जैन शांतिनाथ मंडल समिति पाण्डुकशिला द्वारा झारखंड स्थित जैन तीर्थ श्री सम्मेदशिखर जी के लिए 9वीं जैन तीर्थ यात्रा 21 अगस्त बुधवार को रवाना होगी। यात्रा प्रभारी राकेश जैन व विनोद नेता ने बताया कि मंडल की ओर से यह 9वीं यात्रा है। श्रत्रालुओं को 1008 श्रद्धालुओं के जत्थे को प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, केंकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, अग्रवाल समाज मालपुरा अध्यक्ष ताराचन्द जैन, सरावगी समाज अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन मौजुद रहेगें।

# डिप्टी सीएम और केंद्रीय पर्यटन मंत्री को आरडीटीएम के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया

## आरडीटीएम का उद्देश्य वेडिंग और इवेंट टूरिज्म को बढ़ावा देना है

### राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट में 200 से अधिक स्टॉल और 600 से ज़्यादा प्रॉपर्टीज का होगा प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** टूरिज्म सेक्टर स्टेकहोल्डर्स के प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला के नेतृत्व में राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी और केंद्रीय पर्यटन, कला और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को चौथे राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान एफएचटीआर के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, जनरल सेक्रेटरी सीए वीरेंद्र सिंह, राटो सेक्रेटरी मोहन सिंह मेड़तिया, एचआरएआर अध्यक्ष तरुण बंसल, एचआरएआर सचिव रणविजय सिंह भी मौजूद रहे। रविवार को हुई बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री से जीएसटी, यूरोपीय पर्यटकों के लिए वीजा-ऑन-अराइवल, यूरोप से जयपुर के लिए सीधी उड़ानों और ऐतिहासिक स्मारकों के प्रबंधन पर चर्चा की।

**आरडीटीएम की थीम वेडिंग, इन्सेंटिव, कांफ्रेंस और इवेंट रहेगी :** गौरतलब है कि आरडीटीएम 2024 का आयोजन 13 से 15 सितंबर तक बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में होगा। आरडीटीएम एफएचटीआर और राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की थीम वेडिंग, इन्सेंटिव, कांफ्रेंस और इवेंट (डबल्यूआईसी) टूरिज्म पर केंद्रित होगी। इसमें 200 से अधिक स्टॉल और 600 से ज्यादा प्रॉपर्टीज का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें 1,300 खरीदारों और 7,000 से अधिक आगंतुकों की उपस्थिति की उम्मीद जताई जा रही है। गौरतलब है की आरडीटीएम 2024 को राजस्थान होटल और रेस्तरां संघ (एचआरएआर), भारतीय विरासत होटल संघ (आईएचएचए), राजस्थान टूर ऑपरेटर संघ (आरएटीओ), जोधाना होटल और रेस्तरां संघ (जेएआरए) और भारतीय घरेलू टूर ऑपरेटर संघ (एडीटीओआई) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राजस्थान को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना और पर्यटन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की अधिक जानकारी एफएचटीआर की वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

आरडीटीएम 2024 पर्यटन हितधारकों को विरासत, रोमांच, वन्यजीव, तीर्थयात्रा, शादी, इको-पर्यटन, और गांव पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने का अवसर देगा। इसके साथ ही, बी2बी बैठकें भी आयोजित की जाएंगी, जो व्यापारिक अवसरों और नेटवर्किंग को बढ़ावा देंगी।

# 21 अगस्त भारत बंद को लेकर जयपुर पुलिस कमिश्नर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** उच्चतम न्यायालय के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण प्रावधानों में बदलाव के फैसले के विरोध में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के 21 अगस्त को भारत बंद के आव्हान के संबंध में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने रविवार को पुलिस आयुक्तालय में शहर में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने को लेकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ संयुक्त बैठक की। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों से 21 अगस्त को भारत बंद के आह्वान के संबंध में विस्तृत चर्चा की। अनुसूचित जाति एवं जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति ने 21 अगस्त को भारत बंद का मुख्य आयोजक,कितने लोग एवं अन्य जानकारी के संबंध में स्पष्टता नहीं की गई लेकिन जयपुर पुलिस कमिश्नर को संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों ने अवगत कराया कि 21 अगस्त को भारत बंद के दौरान जयपुर शहर में उनके द्वारा किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था को नहीं बिगाड़ा जाएगा। उनका यह बंद शांतिप्रिय रहेगा। उनके द्वारा रामनिवास बाग में एकत्रित होकर शांतिप्रिय रैली निकाल कर कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। संघर्ष समिति ने जयपुर पुलिस कमिश्नर को यह विश्वास दिलाया कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार की भ्रामक बातें एवं अपवाह नहीं फैलाई जाएगी।उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि यह भारत बंद एक सामान्य बंद है कंप्लीट लॉकडाउन नहीं है। साथ ही उन्होंने जयपुर पुलिस कमिश्नर को विश्वास दिलाया कि उनके द्वारा समाज के लोगों में किसी प्रकार की भ्रामक बातें न फैले,सजग रहने के लिए वे लगातार अपील जारी कर रहे हैं।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुर पुलिस द्वारा पुलिस थाने स्तर से लेकर पुलिस उपायुक्त एवं आयुक्तालय स्तर तक 21 अगस्त भारत बंद के आह्वान के संबंध में लगातार अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सदस्यों से बातचीत एवं बैठकें की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ चर्चा के दौरान शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था की सुनिश्चितता के लिए निर्देश दिये कि बंद के दौरान सभी प्रकार की आपातकालीन सेवाएं बंद से प्रभावित नहीं रहें। शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखें,किसी भी प्रकार की भ्रामक बातें एवं अपवाह न फैले । राजकीय एवं सार्वजनिक संपत्ति को किसी प्रकार का नुकसान न हो,शांति पूर्वक मार्च में असामाजिक एवं शरारती तत्वों से सावधानी बरतें।

# भाईयों को दीर्घायु के आशीर्वाद के साथ ऐश्वर्य और सौभाग्य का मिलेगा वरदान

- राखी बांधने के लिए तीन घंटे 47 मिनट का सबसे सर्वश्रेष्ठ समय
- शुभ मुहूर्त भद्रा काल खत्म होने के बाद दोपहर 1.48 बजे से

### दो साल बाद रात के बजाय दिन में भी बांधी जा सकेगी राखी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व 19 अगस्त यानी सोमवार को लंबे समय बाद विशेष योग संयोगों के बीच मनाया जाएगा। पर्व की रौनक चारदीवारी सहित अन्य बाजारों में देखने को मिल रही है। एक से बढ़कर एक राखियों की खरीदारी बहनों की ओर से की जा रही है। ज्योतिषविदों के मुताबिक पर्व 30 साल बाद विशेष योग भाई-बहन के रिश्ते को और भी मजबूत बनाएगा। पर्व पर रवि योग, शोभन योग और श्रवण नक्षत्र का महासंयोग के साथ ही सावन का अंतिम सोमवार रहेगा। ऐसे में भाइयों पर आने वाली सभी बाधाएं दूर होगी और उन्हें आरोग्य होने का वरदान भी मिलेगा। ज्योतिषाचार्य पंडित बनवारी लाल शर्मा के मुताबिक सभी योग मिलकर इस दिन को बेहद शुभ बना रहे हैं। 18 अगस्त को रात 3.05 बजे से लेकर 19 अगस्त तक 1.30 बजे तक भद्रा रहेगी। भद्रा काल में रक्षा सूत्र बांधना शुभ नहीं रहेगा। भद्रा टाल कर अपराह्न काल, प्रदोष काल में दोपहर 1.48 से शाम 4.22 बजे तक और शाम 6.57 से लेकर रात 9.10 बजे तक मुहूर्त रखेगा। कुल तीन घंटे 47 मिनट का समय राखी बांधने के लिए रहेगा। चार साल बाद सावन के सोमवार को पर्व मनाया जाएगा।

**ऐसे समझें पर्व पर ग्रहों का संयोग :** शर्मा ने बताया कि पर्व पर 30 साल बाद सूर्य और शनिदेव यानी पिता-पुत्र स्वराशि सिंह -कुंभ राशि में विराजमान रहेंगे। इसके साथ ही सूर्य और बुध सिंह राशि में रहने से बुधादित्य का योग निर्माण होगा। इससे आगामी समय राशि में होना प्रजा के लिए सुख समृद्धि और व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति दायक रहेगा।

**श्रावणी उपाकर्म भी 19 अगस्त को :** शर्मा के मुताबिक ग्रह नक्षत्र का एक राशि में होना सभी के लिए शुभ रहेगा। धनिष्ठा नक्षत्र, शोभन योग, श्रावण का आखिरी सोमवार के साथ ही श्रावणी उपाकर्म इस दिन होगा। शास्त्र अनुसार होलिका दहन और रक्षाबंधन का पर्व भद्रा में मनाना वर्जित है। सर्वार्थ सिद्धि योग में किए गए सभी कार्य सफल होते हैं। रवियोग योग सूर्यदेव से जुड़ा है और यह योग व्यक्ति को बल, स्वास्थ्य और मान-सम्मान दिलाता है। शोभन योग सभी प्रकार के शुभ कार्यों के लिए अच्छा रहने के साथ ही श्रवण नक्षत्र ज्ञान, बुद्धि और सौभाग्य का प्रतीक है। यह चारों योग एक साथ बनते हैं। उक्त योग सुबह से लेकर रात तक रहेंगे।

# तीन साल की मासूम बच्ची राखी का अपहरण करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने संजय सर्किल थाना इलाके से 17 अगस्त को अपहृत हुई तीन साल की राखी को बदमाशों के चंगुल से मुक्त करा कर उसे उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया हैं। साथ ही पुलिस ने अपहरण करने वाले दम्पति को लोहा मंडी हरमाडा इलाके से गिरफ्तार कर संजय सर्किल थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम ) अमित कुमार ने बताया कि जानकारी मिली थी की पूरन सिंह निवासी जगनेर जिला आगरा (यूपी ) हाल धाबास पुलिया करणी विहार के पास रहने वाले सत्रह अगस्त को किसी काम से अपनी बच्ची तीन वर्षीय राखी के साथ चांदपोल के पास गया हुआ था। जहां भोमिया जी के मंदिर के पास पीड़ित को नींद लगने पर वह वहीं लेट गया। इसी दौरान एक महिला सहित तीन व्यक्तियों ने उसकी नाबालिक बच्ची का अपहरण कर लिया। वारदात करने वालों की सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगी। जिस पर एक विशेष टीम का गठन कर बच्ची को सर्च करने के लिए विधाधर नगर, रोड नम्बर एक, रोड नम्बर पांच, बैनाड रेल्वे स्टेशन, भैरूजी मंदिर बेनाड, सीता वाली फाटक, मुरलीपुरा, राजावास, उदयपुरिया झुग्गी झोपड़ी, लोहा मंडी पर सर्च शुरू किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को मुखबिर और लोगों को दिखाना शुरू किया। वहीं एक टीम ने मौके पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों का पीछा करना शुरू किया।

जिस पर जानकारी सामने आई की बालाजी कॉलेज लोहा मंडी के पास बच्ची का अपहरण करने वाले बदमाश हैं, जिस पर टीम मौके पर पहुंची और दो बदमाशों को डिटेन कर बच्ची को रिकवर कर संजय सर्किल थाना को सूचना दी गई। जिसके बाद संजय सर्किल थाना पुलिस ने अपहरण करने वाले रामवतार (55) और उसकी पत्नी संतोष देवी(45) निवासी गांव घाट का बराना जिला बूंदी हाल कच्ची झोपड़ी लोहा मंडी हरमाड़ा को गिरफ्तार किया। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित अपहृत बच्ची को लेकर शहर छोडने की फिराक में थे। लेकिन पुलिस की सजगता से आरोपियों के नाकाब इरादों पर पानी फिर गया। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# मोबाइल छीनने वाला आरोपित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के एक सदस्य को पकडा है और उसके पास से लोगों से छीने गए पांच मोबाइल भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों से मोबाइल छीनने वाले गिरोह के शातिर बदमाश सूरज कानावत निवासी काछोला जिला भीलवाड़ा हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से लोगों से छीने गए करीब पांच मोबाइल भी बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार रहेगी पुलिस की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस मुख्यालय से जिलों को निर्देश जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राज्य सरकार ने सोमवार को सावन महीने के अंतिम सोमवार के मद्देनजर प्रदेश के सभी जिलों में शिव मंदिरों पर कानून व्यवस्था को लेकर सभी एहतियाती कदम उठाते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतते के निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में पुलिस मुख्यालय ने अंतिम सोमवार को शिवालयों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने के लिए सभी पुलिस रेंज, जयपुर और जोधपुर के पुलिस आयुक्त तथा जिला पुलिस अधीक्षकों को कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है। पूरे प्रदेश में पुलिस प्रशासन को जलाभिषेक के लिए शिवालय जाने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुस्तैदी बरतने को कहा गया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशासन,कानून एवं व्यवस्था विशाल बंसल ने बताया कि प्रदेश में पुलिस प्रशासन की ओर से हर संदिग्ध व्यक्ति पर नजर रखी जा रही है। मंदिरों के आसपास सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। कांवड़ वाले रास्तों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। साथ ही मंदिरो में सुरक्षा संबंधित कमी को दूर किया गया है। कांवड़ यात्रा और सोमवार को शिवालयों पर होने वाले जलाभिषेक पर भीड़ को कंट्रोल करने और मंदिरों पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी कर ली गई है।

एडीजी बंसल ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर सावन महीने के अंतिम सोमवार पर कानून व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए एहतियाती सुरक्षा उपायों के संबंध में रविवार को सभी जिला पुलिस अधीक्षकों एवं रेंज आईजी को निर्देश जारी किए गये है।

कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ यात्रा मार्ग पर समुचित व्यवस्था, बैरीकेटिंग, यातायात एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है, ताकि कांवड़ यात्रा निर्णध रूप से संपन्न हो सके। निर्बाध यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस जाब्ता नियोजित किया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ 21 अगस्त को भारत-बंद

## एससी/ एसटी संगठन बोले- फैसले से भारी असंतोष, हक के लिए सड़कों पर उतरेंगे

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स.)।** राज्यों को उपवर्गीकरण का अधिकार देने और क्रीमीलेयर को आरक्षण के फायदे से चिन्हित कर बाहर करने के सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी को लेकर 21 अगस्त को भारत बंद का ऐलान किया गया है। इसी कड़ी मे फुलेरा कस्बे में एससी-एसटी संगठनों की ओर से बंद को समर्थन दिया गया है।

वही बिचुन रोड स्थित बुद्धनाथ जी की बगीची पर गोपाल लखन की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के सामाजिक संगठनों की बैठक हुई। सभी ने एक स्वर में सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के विरोध में 21 अगस्त को भारत बंद का समर्थन करने का निर्णय लिया। बैठक में एससी-एसटी आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति फुलेरा तहसील का का गठन किया गया। एससी एसटी के लोगों सहित बीएल सांभारिया ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एससी-एसटी समुदाय के लोगों के अधिकार प्रभावित होंगे। यह फैसला बिल्कुल असंवैधानिक है और सभी अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग में इस फैसले को लेकर भारी असंतोष और विरोध है। इसके कारण 21 अगस्त को लोग सड़कों पर उतरेंगे। वहि अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी फुलेरा विधान सभा अध्यक्ष व ग्राम पंचायत रोजड़ी के पूर्व सरपंच शांतिलाल वर्मा, भीम आर्मी फुलेरा तहसील अध्यक्ष लक्ष्मी कान्त वर्मा,आजाद समाज पार्टी फुलेरा विधान सभा अध्यक्ष शशीकान्त वर्मा,पार्षद प्रमोद मीणा व सुरेन्द्र देवन्दा ने कहा कि हम सब मिलकर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी का संविधान के दायरे में रहकर पुरजोर विरोध करेंगे।

# मणिपुरम फाइनेंस लिमिटेड और आईआईएफएल गोल्ड फाइनेंस डकैती के मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विधाधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्यारह वर्ष पुराने मणिपुरम फाइनेंस लिमिटेड और आईआईएफएल गोल्ड फाइनेंस डकैती के मामले में फरार स्थाई वारंटी कमलेश उर्फ कमल खर्रा निवासी श्रीमाधोपुर हाल गोविंदगढ़ जिला जयपुर ग्रामीण को पुलीबर जिला जोरहट (असम )से गिरफ्तार किया है। आरोपित नेछवा जिला सीकर में फायरिंग मामले में,रींगस जिला सीकर में हत्या का प्रयास,थाना बीछवाल जिला बीकानेर में तेल टैंकर चोरी और एसओजी जयपुर में धोखाधड़ी में वांछित है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित पांच साल से फरार होकर पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल कर असम और नागालैंड में फरारी काट रहा था।

# पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर युवक से ठगे करीब ढाई लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जवाहर नगर थाना इलाके में ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर युवक से ढाई लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार जवाहर नगर निवासी ललित ने मामला दर्ज करवाया कि उसके वाट्सअप पर एक मैसेज आया। इसमें ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब पर मोटी रकम कमाने का लालच दिया गया। इस पर उसने मैसेज में दिए गए नम्बरों पर सम्पर्क किया। आरोपियों ने उससे टेलीग्राम पर काम करने को कहा और उससे कई एप डाउनलोड़ करवा कर टारगेट पूरा करने की बात कहीं। टारगेट पूरा करने पर उसे मोटा मुनाफा मिलने की बात कहीं। शुरूआत 28 रुपए से हुई। इसके बाद 50,75, 150 रुपए कर लगातार यह राशि बढ़ती चली गई। इस पर उससे कई बार में करीब ढाई लाख रुपए से ज्यादा की राशि डलवा लिए। लेकिन पीडित को मुनाफे की राशि नहीं दी गई। ठगी का अहसास होने पर पीडित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुछ इसी प्रकार से चित्रकूट थाना इलाके में हर्षित अरोड़ से भी बदमाशों ने ठगी की है। बदमाशों ने हर्षित अरोड़ा से करीब ड़ेढ लाख रुपए से ज्यादा की राशि ठगी है।

# सस्ता सोना दिलाने के नाम पर ठगी करने वाली गैंग का सदस्य गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सस्ता सोना दिलाने के नाम पर ठगी करने वाली गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ इस प्रकार के कई मामले थाने में दर्ज है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि एयरपोर्ट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सस्ता सोना दिलाने के नाम पर ठगी करने वाली गैंग के शातिर बदमाश भरतराज धाकड़ निवासी टोडारायसिंह जिला टोंक हाल सीताबाडी सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मोतीलाल शर्मा ने बताया कि पीड़ित सुनील शर्मा ने मामला दर्ज करवाया था कि आरोपित भरतराज धाकड नाम का एक युवक उसके मकान में किराए लेकर उसमें रेंटल कार का ऑफिस खोला। जिसके पास उसका दोस्त परवेज अग्रवाल भी आता था। जिस प दोनों ने मिलकर पीड़ित सुनील को सस्ता सोना दिलाने के नाम पर 58 लाख रूपये एडवांस राशि प्राप्त कर ली। जिनके द्वारा ना तो उसे सोना दिया ना ही मेरे रुपये लौटाये। इस धोखाधडी के चलते पीड़ित ने आरोपितो के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को चिन्हित करते हुए पकडा और वहीं अन्य आरोपित परवेज अग्रवाल की तलाश की जा रही है।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आई संस्था श्री सौम्य सुयोग्य संस्थान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** प्रसिद्ध जैन साध्वी चर्या शिरोमणि गणिनी आर्यिका श्री सौम्य नंदिनी माताजी के मंगल आशीर्वाद एवं उनकी परम प्रभावक शिष्या जिनवाणी पुत्री जगत पूज्य गणिनी आर्यिका श्रेष्ठ श्री सुयोग्य नंदिनी माताजी की पावन प्रेरणा से संचालित प्रमुख समाज सेवी संस्था श्री सौम्य सुयोग्य संस्थान वर्तमान में अतिवृष्टि से उत्पन्न हालातों में बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए आगे आया है । संस्था के सदस्य श्री सुरेश जी जैन झोटवाड़ा वालों ने बताया कि पूज्य गुरु मां की पावन प्रेरणा एवं संस्था की अध्यक्ष रानू दीदी के निर्देश पर संस्था ने अतिवृष्टि से प्रभावित एवम जल भराव वाले विभिन्न क्षेत्रों हिंडौन सिटी, जयपुर एवं सीकर के आसपास के क्षेत्रों में आवश्यक सामग्री , राशन सामग्री एवं खाद्य सामग्री एवं खाने के पैकेट उपलब्ध करवाएं हैं । साथ ही संस्था ने अन्य सभी संस्थाओं से भी बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद की अपील की है।

संस्था के सदस्य श्री जितेंद्र जैन झोटवाड़ा वालों ने बताया कि यह संस्था पूज्य गुरु मां की पावन प्रेरणा से जीवदया और प्राणिमात्र के कल्याण की भावना के साथ सदैव अग्रसर रहती है। इस दौरान राजीव पाटनी, पंकज पाटनी, नितेश जैन, बॉबी भैया उझानी, नमन जैन मनियां, गौरव जैन धौलपुर सहित समाज के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

# बदनौर में विद्युत विभाग के एल्यूमिनियम तारों की चोरी के मामले में पुलिस मामला दर्ज करने से कतराती रहीं, विद्युत विभाग के अधिकारियों के दबाव में किया मामला दर्ज

## ग्रामीणों ने चोरी करके पिकअप मे ले जाते एल्यूमिनियम तारों का पीछाकर पहुंचे कबाडी के गोदाम जहां पूर्व में चुराये हुये एल्यूमिनियम तारों के मिले गठठे

### थानाधिकारी की भूमिका संदिग्ध

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** नवसृजित ब्यावर जिले में पिछले काफी समय से आपराधिक गतिविधियां निरन्तर बढ़ती जा रही हैं। इसका मुख्य कारण कहीं न कहीं जिला पुलिस अधीक्षक की शिथिलता और उसके बाद उनके अधीनस्थ कर्मचारियों की लापरवाही और भ्रष्टाचारी हैं। और एक कहावत भी है ''जब सैंया भये कोतवाल, तो डर काहे का''!

जिले के बदनौर तहसील हेडक्वार्टर के नजदीकी गांव मोठी चैराहा से अगस्त माह में लगभग 3 बार से अधिक आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर तथाकथित चोरों ने विद्युत विभाग के 800 मीटर से अधिक लाईन से एल्यूमूनियम वायर काट कर एक पिकअप मे भरकर ले जाते हुए मोठी गांव के लोगों ने रंगे हाथो पकड लिया। इतना ही नहीं बल्कि पूर्व में चोरी कर एल्यूमूनियम तारों को जहां बेचा गया उस कबाडी के यहां बरामद भी कर लिया और इस सारे मामले की सूचना जब बदनौर के थानाधिकारी राज दिपेन्द्र सिंह को दी तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से स्टाफ को भेजकर पिकअप को पकड कर थाने ले आये और थानाधिकारी ने कुछ ही देर बाद वाहन चालक, वाहन व गोडाउन मालिक को सांठ-गाठ कर छोड़ दिया गया। यह घटना 13 अगस्त की बताई गई।

उक्त मामले की जानकारी ग्रामीणों ने क्षेत्रीय कनिष्ट अभियन्ता शिव प्रकाश मीणा को दी गई और साथ में सहायक अभियन्ता सुनिल कुमार धाकड को भी दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद विद्युत विभाग के सहायक अभियन्ता धाकड व कनिष्ट अभियन्ता शिव प्रकाश मीणा दोनों बदनौर थाने पहुंचकर चोरी गये वायरो की रिपोर्ट देने लगे तो बजाय रिपोर्ट लिखने के विभागीय अधिकारियों को बदनौर के थानाधिकारी राज दिपेन्द्र सिंह कहने लगे हो सकता है तुमने ही वायर चोरी करवाये हो। इसके अलावा अधिकारियों पर इस बात का भी दबाव बनाया कि इस क्षेत्र में कितने ठेकेदार विद्युत विभाग का कार्य कर रहे है, उनकी लिस्ट उपलब्ध कराई जाये। थानाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग के अभियन्ताओं पर इस तरह का आरोप लगाना निन्दनीय था। पुलिस ने रिपोर्ट लेने के बाद मामला 14 अगस्त को दर्ज किया और इस मामले की जांच एएसआई इन्द्रजीत सिंह को सौंप दी।

3 दिन निकल जाने के बावजूद बदनौर थानाधिकारी राज दिपेन्द्र सिंह ने बजाय उन चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने के वह ग्रामीणों पर इस बात का दबाव बनाने लगे कि आखिर किस-किस युवक ने तारों की चोरी करते हुए चोरों को देखा। इस मामले को लेकर कुछ ग्रामीणों को नोटिस भी थमाया है ।कुल मिलाकर इस सारे मामले में बदनौर के थानाधिकारी की भूमिका इस मामले में संदिग्ध नजर आई।

उक्त मामले में ग्रामीणों ने जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चोधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड व मसूदा सर्किल के वृत्ताधिकारी सज्जन सिंह को भी दूरभाष पर उक्त घटना के बारे में बताया है।

अब देखना यह होगा कि आखिर पुलिस के उच्चाधिकारी बदनौर थानाधिकारी पर क्या कार्यवाही करते हैं। वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग के अधिकारी ग्रामीणों को कितनी जल्दी राहत पहुंचाते हैं।



# शहीद सैनिकों के घर पहुंचकर वीरांगनाओं का किया सम्मान, रक्षाबंधन की दी बधाई



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील फैसले से जिले के शहीदों के घरों में त्यौहार की खुशियां तब दुगुनी हो गई जब जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी रविवार को शहीदों के घर रक्षाबंधन के त्यौहार की बधाई देने पहुंचे। राज्य सरकार के निर्देशानुसार रविवार को जिले में 5 शहीद परिवारों को सम्मानित कर रक्षाबंधन की बधाई दी गई। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट, उपखंड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा एवं सत्येंद्र पाराशर जिला अध्यक्ष भाजपा द्वारा रक्षाबंधन के पर्व पर वीरांगना उर्मिला देवी पत्नी शहीद कम्मोद सिंह, रेखा तोमर पत्नी शहीद रणजीत सिंह एवं रंजना देवी पत्नी शहीद भागीरथ सिंह को 2100 रुपये नकद, मिठाई की टोकरी, श्रीफल, शाल एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय का संदेश देने वीरांगनाओं के घर पहुंचे और उन्हें त्यौहार की बधाई संप्रेषित की। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की ओर से रक्षाबंधन के त्योहार की बधाई देते हुए शहीदों के बलिदान को नमन किया और परिजनों की कुशलक्षेम पूछी। शहीद परिवारों को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का संदेश पढ़कर सुनाया और संदेश पट्टिका भेंट की, तो परिजनों की आंखें नम हो गई। शहीदों के परिजनों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, जनप्रतिनिधिगण और जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया।

वहीं शहीद कमल सिंह और राघवेंद्र सिंह के घर जाकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने 2100 रूपये, मिठाई, श्रीफल, शॉल और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का संदेश लिखी तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। भाजपा नेता नीरजा शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि शहीदों के परिजनों के बीच आकर उनकी अलौकिक अनुभूति का अहसास हुआ। जिला कलक्टर ने शहीदों के परिजनों से आत्मीयता पूर्वक संवाद कर रक्षाबंधन की बधाई दी।

# मुख्य सचिव सुधांश पंत सालासर आये, बालाजी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की

## श्री बालाजी गौशाला संस्थान का किया निरीक्षण, गोचर भूमि में लगाया बरगद का पौधा

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत रविवार को सालासर दौरे पर रहे। रविवार दोपहर सालासर पहुंचे मुख्य सचिव पंत ने अपनी धर्मपत्नी छवि पंत के साथ सहित सालासर मंदिर में दर्शन कर शीश नवाया और पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख-समृद्धि खुशहाली की कामना की। श्री हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष यशोदा नंदन पुजारी, भंवरलाल पुजारी सहित पुजारी परिवार ने पूजा-अर्चना करवाई तथा बालाजी की प्रतिमा भेंटकर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर मुख्य सचिव का सम्मान किया। इस मौके पर पंत ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं। स्वयं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राज्य सरकार के बजट में भी इसके लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इस दौरान जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, पुलिस अधीक्षक जय यादव, एडीएम मंगलाराम पूनिया, रविशंकर पुजारी, भीखमचंद पुजारी, कमल पुजारी, मनोज पुजारी, निकेश पुजारी, सुरेश पुजारी,



मनीष पुजारी, बबलू पुजारी सहित पुजारी परिवार के सदस्य, हनुमान सेवा समिति पदाधिकारी एवं पुलिस-प्रशासन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य सचिव ने सालासर भ्रमण के दौरान श्री बालाजी गौशाला का अवलोकन किया और गौशाला की व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से सराहना की। मुख्य सचिव पंत ने सालासर ग्राम पंचायत की ओर से गोचर भूमि में करवाये जा रहे पौधरोपण का निरीक्षण किया तथा बरगद का पेड़ लगाकर सभी अधिकारियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए कहा। ग्राम विकास अधिकारी राजेश बेरवाल से उन्होंने यहां किये गए पौधरोपण एवं उनके सरवाइवल के बारे पूछा। वीडीओ बेरवाल ने बताया कि पिछले साल यहां 1600 पौधे लगाए गए थे तथा इस वर्ष 1500 पौधे लगाए जा रहे हैं। इस दौरान जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, पुलिस अधीक्षक जय यादव, छवि पंत, एडीएम मंगलाराम गोदारा, हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी, रविशंकर पुजारी, भंवर लाल पुजारी, एडीपीआर कुमार अजय, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, डीवाईएसपी, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सुरजपोल गेट बाहर आवारा जानवर व कचरे के ढेर से दुर्घटनाओं की आशंका



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** सुरजपोल गेट बाहर स्थित शहीद भगत सिंह मार्ग स्थित मसानी नदी पुलिया के पास एक कचरा डिपो स्थित है। जहां वार्ड का सारा कचरा इकट्ठा करने के बाद ट्रेक्टर अथवा डम्पर के द्वारा शहर से बाहर फिकवा दिया जाता है। लेकिन पिछले कई दिनों से उक्त रोड पर कचरा बिखरा होने के कारण आवारा जानवर सांड, गाय, सुअर आदि अपना डेरा जमाये रहते हैं। इस मार्ग से गुजरने वाले नागरिकों के साथ इन आवारों जानवरों के डेरा लगा होने के कारण हमेशा दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। गौरतलब है कि कुछ महीनों पहले इसी रोड पर एक व्यक्ति को सांड ने मार दिया था, बावजूद इसके परिषद प्रशासन आवारा पशुओं को पकड़ने के मामले में संजीदा नहीं है। मोहल्लेवासियो ने परिषद प्रशासन से अनुरोध किया कि वह समय रहते इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए तुरन्त उक्त समस्या से निजात दिलाए अन्यथा क्षेत्रवासियों को आन्दोलनात्मक रूख अपनाना पड़ेगा।

## बड़ली तालाब में तीन दोस्त डूबे

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** रविवार को बड़ली के तालाब में भी तीन दोस्त डूब गए जिनकी सिविल डिफेंस टीम तलाश की । बता दे कि रविवार को स्कूल की छुट्टी होने पर बड़ली गांव के तीन दोस्त कानाराम जाट , रवि गुर्जर व लक्ष्मण गुर्जर जिनकी उम्र 16 से 17 साल के बीच की है जो कक्षा 10 व 11 में पढ़ते है तालाब में नहाने चले गए जिनके कपड़े तालाब के किनारे पड़े हुए थे । यंहा भी सिविल डिफेंस व स्थानीय गोताखोर टीम तीनो बच्चो की पानी मे तलाश में जुटी हुई थी लेकिन उन्हें सफलता नही मिल सकी जिस पर यंहा पर पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने तैय्यव आलम टीम को बुलवाया जिसने पानी मे उतरकर अथक प्रयास से तीनों शवो को ढूंढ निकाला शव टीम को जनप्रतिनधियो ने धन्यवाद दिया । वही तीनो शवो बहार आते ही परिजनों में कोहराम मच गया हर कोई इस दुख की घड़ी को कोस रहा था ।

**क्षेत्रीय व पूर्व विधायक प्रशासन के साथ मौके पर :** क्षेत्रीय विधायक रामवतार बेरवा व पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी प्रशासन की साथ घटना स्थल पर ही थे और जब तक छात्रों के शव नही मिले तब तक वही डटे रहे। इनके साथ उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा , एसीपी सुरेन्द्र सिंह , थाना प्रभारी कैलाशदान भी तालाब पर पूरी तरह से मुस्तेद थे। यही जनप्रतिनिधि प्रशानिक अधिकारियों के साथ बांडी नदी व मनोहर तालाब पर भी थे इस दौरान लोगो की भीड़ भी मौके पर थी ।

**भराव क्षेत्र से दूर रहने की अपील :** क्षेत्रीय विधायक रामवतार बैरवा व पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी , पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा , नगरपालिका चेयरमैन कमलेश बेरवा ने क्षेत्र के लोगो से अपील की है वह भराव क्षेत्र में नही जाए व अपने बच्चो को भी इनसे दूर रखे।

## शहर के पत्थर मार्बल गोदाम पर गेट के ताले तोड़कर चोरी की घटना

# गोदाम में खड़े ट्रेक्टर और बाइक को चुरा ले गए चोर, सीसीटीवी में दिखाई दिया संगीध चोर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर,( नि.स. )।** शहर के अजीजपुरा रोड रेलवे लाइन के बाद देर रात को मुंह पर डाटा बांधकर आए चोरों द्वारा एक पत्थर मार्बल गोदाम के गेट के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश कर सीसीटीवी कैमरा को तोड़ते हुए गोदाम में रखी एक ट्रैक्टर ट्रॉली और मोटरसाइकिल को पार किया है। घटना की जानकारी रविवार को सुबह गोदाम के मालिक को हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



घटना को लेकर लाजपत नगर निवासी व्यापारी ज्ञान प्रकाश बिंदल पुत्र नरसीराम बिंदल ने बताया कि वे शनिवार की शाम 9 बजे अपने गोदाम और दुकान को बंद कर घर गए थे। रविवार को सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनके गोदाम के मुख्य गेट का मुख्य ताला टूटा पड़ा है और गेट खुला है। इस पर वे मौके पर आए तो देखा कि अंदर रखी एक बाइक और ट्रैक्टर-ट्राली मौके पर नहीं है। बाद में जब गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो उनमें रात एक बजकर दस मिनट पर एक मुंह पर डाटा बांधे चोर नजर आ रहा है जो डंडे से कैमरे को तोड़ रहा है। घटना एक से दो बजे के बीच हुई है जिसमें अज्ञात चोर गोदाम में रखी एक बाइक और ट्रैक्टर-ट्राली ले गए हैं। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जांच की है।

**इनका कहना है :** कोतवाली थाने के एसआई जगदीश सागर ने बताया कि घटना की सूचना पर वे खुद पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की है। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध कैमरा को तोड़ता दिख रहा है लेकिन गोदाम में रखे बाइक और ट्रैक्टर ट्राली चोरी का कोई वीडियो नहीं मिल सका है। मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित व्यापारी द्वारा जो रिपोर्ट दी है। उसके आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## टापुर बांध में स्लीप होकर चादर के साथ बहा युवक, शाम तक नही मिला, सर्च जारी

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा ( नि.स. )।** शिवाड़ से 10 किलोमीटर दूर स्थित टापुर डेम जो ढील बांध के नाम से भी विख्यात है वहां करीब 20 दिन से चादर चली हुई है और अभी बीच मे अधिक पानी आने से चादर करीब 3 फ़ीट की हो गई थी इस भयंकर चादर चलने से वहां पिछले रविवार से ही आवाजाही लोगो की कम थी इसी बीच रविवार को प्रात: एक 20 वर्षीय युवक सुरेश बैरवा रेलिंग पार करने के चक्कर में स्लीप हो गया जो सीधे चादर के पानी के साथ नीचे आ गया और लापता हो गया ।जैसे ही लोगो को इसकी सूचना मिली स्थानीय लोगो ने अपने स्तर पर ही खोजना शुरू किया और प्रशासन को सूचना दी मगर चौथ का बरवाड़ा देवली डिडायच शिवाड़ रास्ता बनास रपट पर पानी आने से बन्द है ऐसे में सिविल डिफेंस की टीम बोंली होकर यहां पहुंची और सर्च अभियान चलाया मगर खबर लिखे जाने तक युवक काफी तलाश के बाद भी नही मिला । ग्रामीणों ने भी सिविल डिफेंस के साथ अपने स्तर पर खूब सर्च किया मगर सफलता हाथ नही लगी । लोगो का कहना था कि बीच मे चादर का पानी लगातार 20 दिन से चलने से वहां फिसलन थी ओर हो सकता है उसका पैर फिसल गया हो और बेलेंस न बैठा हो ऐसे में वो सीधा पानी के साथ नीचे आ गया । प्रशासन से लोगो से पानी के स्थानों पर सावधानी रखने की हिदायत जारी की है ।

## शहर के पाताल देवी गणेश नवयुवक मंडल की बैठक, सातवें गणेश महोत्सव को लेकर बैठक

# मनोज सोनी बने अध्यक्ष, संयोजक गोपेश अरेला के संयोजन में होगा आयोजन, अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के साथ पदाधिकारियों का भी निर्वाचन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर,( नि.स. )।** शनिवार की रात शहर के पुराना बाजार स्थित पाताल देवी मंदिर पर गणेश नव युवक मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर के पुजारी छीतो शर्मा की अध्यक्षता में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मनोज कुमार सोनी को अध्यक्ष बनाया गया साथ में उपाध्यक्ष लोकेश मंगल को और संयोजक गोपेश अरेला को चुना गया है। सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि इस बार सातवें गणेश महोत्सव को लेकर धूमधाम से तैयारी की जाएगी और 7 सितंबर से 16 सितंबर तक 10 दिवसीय आयोजन होगा। गणेश महोत्सव को लेकर आयोजित हुई इस बैठक मैं मौजूद वरिष्ठ पदाधिकारी गिरीश अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष गणेश महोत्सव नवयुवक मंडल द्वारा पाताल देवी मंदिर पर धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार यह सातवां आयोजन होने जा रहा है। इसको लेकर शनिवार की रात कार्यकारिणी सदस्यों और पदाधिकारी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नवीन अध्यक्ष मनोज कुमार सोनी बनाए गए हैं साथ में संयोजक पद की जिम्मेदारी गोपेश अरेला को सौंपी है। महामंत्री रामअवतार मित्तल बनाए गए हैं। गणेश महोत्सव में सत्र 7 सितंबर से शुरू होगा जो 15 सितंबर तक चलेगा। 16 सितंबर को गणेश प्रतिमा का विधि विधान से विसर्जन किया जाएगा। बैठक के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी दिनेश गर्ग,डॉ सतीश प्रजापति,पंकज अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बारिश में छत से पानी टपकने से पोस्ट ऑफिस में हुए कम्प्यूटर सिस्टम खराब

### लोगो ने नवीन पोस्ट ऑफिस बनवाने की की मांग किराये के भवन में अभी संचालित है पोस्ट ऑफिस

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा ( नि.स. )।** ईसरदा में संचालित पोस्ट ऑफिस की छत से पानी टपकने से पोस्ट ऑफिस में रखे कम्प्यूटर प्रिंटर आदि में पानी जाने से सिस्टम खराब हो गए है वही वहां रखे रिकॉर्ड और स्टेशनरी भी पानी मे भीग गई है । समाज सेवी राजेश कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ग्राम में डाकघर भवन के निर्माण की मांग की है। कुशवाह ने बताया कि वर्तमान में डाकघर किराए के एक छोटे से स्थान पर संचालित हो रहा है, जो डाकघर के कार्यों के लिए पर्याप्त नहीं है। जबकि गांव में डाकघर के लिए स्वयं की भूमि उपलब्ध है, जहां कई वर्षों से भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस मामले पर गंभीरता से विचार करने और डाकघर भवन निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करवाने का आग्रह किया है। कुशवाह का कहना है कि एक नए और आधुनिक डाकघर भवन के निर्माण से न केवल डाकघर के कार्यों में सुगमता आएगी, बल्कि ग्रामीणों को भी बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी।

# धौलपुर जिले बाड़ी में बिक रही दिल्ली अलवर और कोलकाता की राखियां

## बाजार में चांदी और सोने की राखियां की भी डिमांड

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर( राजू शर्मा )।** 19 अगस्त को रक्षा बंधन का त्योहार हैं। बहनों ने तैयारियां करना शुरू कर दिया हैं। बाजारों में महिलाएं अपने भाइयों के लिए स्पेशल और एंटिक राखियां मिठाइयों की दुकान से मिठाइयां खरीदने में जुटी हैं। त्योहार की रौनक बाजारों में भी देखने को मिल रही हैं। जगह-जगह राखियों की छोटी और बड़ी दुकानें सजी हैं। सब्जी मंडी चौराया, सैपऊ रोड चौराया , किला घंटाघर भारद्वाज मार्केट गर्ल्स स्कूल , बसेड़ी बस स्टैंड सराफा बाजार खरगली गांधी पार्क इस्लामिया मदरसा सब्जी मंडी सीताराम बाजार, , पैलेस मार्ग, जगन टॉकीज बाजार सहित पुराने बाजार में 100 से अधिक राखियों की दुकानें हैं। चूड़ी बाजार में राखी की दुकान लगाने वाले गुलफ़ाम ने बताया कि हमारे यहां दिल्ली, अलवर, अहमदाबाद और कोलकाता की राखियां बेची जाती हैं। जो बहनों को बहुत पंसद आ रही हैं। राखियों की खासियत की बात करें तो दिल्ली की राखियों का मुख्य आकर्षण उनके धागे होते हैं, जो कई रंग-बिरंगे रंगों में आते हैं। इसके साथ ही अलवर की राखियों में रूद्राक्ष का काम देखने को मिलता हैं। वहीं, कोलकाता और अहमदाबाद की राखियां पैंडल के साथ आती हैं। इनमें धागों की दोनों छोर के बीच में एक डिजाइनर पुंडिल होता हैं। इन राखियों की कीमत 10 रुपए से लेकर 600 रुपए के बीच हैं। बहनें अपने बजट के अनुसार राखियां पंसद करती है और खरीद कर अपने साथ ले जाती हैं। बाजारों में बहनों की भीड़ देखकर इस बार अच्छा व्यापार होने की उम्मीद जागी हैं। बाजार में सबसे ज्यादा दिल्ली और अहमदाबाद की राखियों की अच्छी डिमांड देखने को मिल रही हैं। जिसे हम अच्छे रेटों पर बहनों को उपलब्ध कराने की कोशिश कर रहे हैं।

चांदी और सोने के पैंडल वाली राखियां बहनों को खूब लुभा रही हैं। चांदी की चेन में जड़े स्वास्तिक, ओम और भाई लिखी राखियां बाजार में ट्रेंडिंग पर हैं। सर्राफा बाजार में दुकान चलाने वाले आकाश वर्मा ने बताया कि चांदी की राखियां बहने अधिक खरीद रही हैं। 5 से 6 ग्राम चांदी की राखी का मूल्य 500 से 600 रुपए के आस-पास हैं। वही जितनी ज्यादा वजन की राखी होती है, उसका मूल्य भी चांदी के बाजार मूल्य के अनुसार बढ़ता जाता हैं। चांदी और सोने के पैंडल वाली राखियां भी चलन में हैं। अच्छी दुकानदारी हो रही है और त्योहार पर अच्छा मुनाफा होने की उम्मीद है।

# ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत

## पूजा करने के लिए मंदिर जाते समय हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान





**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को ट्रेन से हुए हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई थी। दोनों महिलाओं की पहचान होने के बाद जीआरपी पुलिस ने उनके शव जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवा दिए। रविवार को महिलाओं की पहचान मां-बेटी के रूप में हुई। जिनका पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करा दिया। भरतपुर जीआरपी थाने से पोस्टमॉर्टम कराने धौलपुर पहुंचे सब इंस्पेक्टर रमनलाल ने बताया कि दोनों महिलाओं की पहचान मां-बेटी के रूप में हुई हैं। उन्होंने बताया कि मृतक महिला भूरी देवी (70) पत्नी रामनारायण और उसकी पुत्री बीनू (21) पुत्री रामनारायण, निवासी दारा सिंह नगर रेलवे स्टेशन के पास हनुमान मंदिर पर पूजा करने जा रही थी। भूरी देवी के पति अस्पताल में भर्ती थे। इसी दौरान दोनों मां बेटी पूजा के लिए मंदिर जाते वक्त पटरिया क्रॉस कर रही थी। जो तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में दोनों की मौत हो गई। महिलाओं की पहचान होने के बाद रविवार को जीआरपी पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। जहां प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर समरवीर सिंह ने मेडिकल बोर्ड का गठन कर दिया। जिसके बाद दोनों महिलाओं के शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए। जिनकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में अगली कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में शहीदों के घर पहुंचे जनप्रतिनिधिगण और जिला प्रशासन के अधिकारी

## वीरांगनाओं का किया सम्मान, रक्षाबंधन की दी बधाई



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील फैसले से जिले के शहीदों के घरों में त्योहार की खुशियां दोगुनी हो गई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार रविवार को जिले में तीन शहीद परिवारों को सम्मानित कर रक्षाबंधन की बधाई दी गई। विधायक हंसराज पटेल, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी, उप अधीक्षक राजेंद्र बुरड़क, तहसीलदार सौरभ गुर्जर सहित जनप्रतिनिधिगण शहीदों के घर पहुंचे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से रक्षाबंधन के त्योहार की बधाई देते हुए शहीदों के बलिदान को नमन किया और परिजनों की कुशलक्षेम पूछी। शहीद परिवारों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश पढ़कर सुनाया और संदेश पट्टिका भेंट की, तो परिजनों की आंखें नम हो गई। शहीदों के परिजनों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जनप्रतिनिधिगण और जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया। इस दौरान परिजनों ने गांव के विकास से जुड़े कुछ मुद्दे भी उठाए, जिनको पूरी आत्मीयतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों की वीरांगनाओं किया गया सम्मान- जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल तथा विधायक हंसराज पटेल ने मोलाहेड़ा निवासी शहीद कैलाश चंद्र गुर्जर की पत्नी शर्मिला देवी, लांस नायक बहादुर की पत्नी मिश्री देवी, गनर महताब सिंह की पत्नी कोयल व सांगटेड़ा निवासी शहीद हवलदार खूब राम जाट की पत्नी श्रीमती कृष्णा देवी के घर जाकर 2100 रूपये, मिठाई, श्रीफल, शॉल और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश लिखी तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। ठीक इसी प्रकार कोटपूतली-बहरोड़ जिले भर में जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने वीरांगनाओं के घर जाकर उनका सम्मान किया। विधायक हंसराज पटेल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि शहीदों के परिजनों के बीच आकर उनकी अलौकिक अनुभूति का अहसास हुआ।

शहीदों के परिवारों से हमें राष्ट्र के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलती है। रक्षाबंधन के त्योहार पर शहीदों के परिजनों के बीच आकर बहुत अच्छा लगा। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने भी शहीदों के परिजनों से आत्मीयता पूर्वक संवाद कर रक्षाबंधन की बधाई दी।

# शहर की 40 कॉलोनियों में दो महीने से भरा गंदा पानी वार्ड-7 में 15 से अधिक लोग बीमार, एक महिला को डेंगू

## गली-मोहल्लों में पानी जमा होने से लगातार बढ़ रही बीमार लोगों की संख्या, नप के अफसर नहीं दे रहे ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** नगर परिषद और प्रशासन की लापरवाही से कॉलोनियों के लोग अब बीमार पड़ने लगे हैं। शहर की करीब 40 कॉलोनियों से अधिक में जलभराव हैं। 2 से 3 फीट तक घरों में पानी जमा होने से लोग घरों में कैद हो गए हैं। अब तो हालात यह हो गए हैं की जलभराव के कारण लोग बीमार पड़ने लगें हैं। सैंपऊ रोड के वार्ड नंबर 7 में 15 से अधिक लोग बीमार पड़ गए हैं। पार्षद प्रतिनिधि सीपी उपाध्याय ने बताया की एक वर्ष से जलभराव हो रहा हैं। करीब 2 महीने से अधिक जलभराव हो रहा हैं। इन 10 दिनों में तो कॉलोनियों की जलभराव के कारण नारकीय हालात हो गए हैं।

कॉलोनियों में गंदा पानी जमा होने से एक सप्ताह में 15 से अधिक कॉलोनियों के लोग बीमार पड़ गए हैं। मेरे घर के ही 4 लोग बीमार हैं। इसमें मेरी पत्नी, दो बच्चे आर पिताजी बीमार हैं। पत्नी प्रियंका डेंगू पॉजिटिव आई हैं। वहीं, जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया किनगर परिषद द्वारा पंप लगाकर पानी निकाला जा रहा हैं। सीएमएचओ को एंटी लार्वा का छिड़काव करने के लिए पूर्व में आदेश कर दिया गया हैं। बीमार लोगों ने को अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज दिया जाएगा। एक वर्ष से अधिक कॉलोनी में जलभराव हो रहा हैं। तीन माह से तो हालात बहुत ही ज्यादा खराब हो गए हैं। आयुक्त अशोक शर्मा फोन नहीं उठाते हैं। धरने पर बैठने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही हैं। आजतक आयुक्त कॉलोनी के हालात जानने भी नहीं आए हैं। मानसून का मौसम आने के बाद तो नारकीय हालात हो गए हैं। वार्ड में रोजाना लोग बीमार पड़ रहे हैं। अभी कम से कम वार्ड में 15 से अधिक लोग बीमार पड़े हुए हैं। ऐसे अधिकारियों को कुर्सी छोड़ देनी चाहिए। सत्यप्रकाश उपाध्याय, पार्षद वार्ड नंबर 7 वार्ड नंबर 7 में प्रियंका उपाध्याय उम्र 26, युवराज उपाध्याय उम्र 8 वर्ष, सुग्गी उपाध्याय उम्र 5, श्यामवीर उपाध्याय उम्र 60, सोवरन कुशवाह उम्र 56, विष्णु कुशवाह उम्र 28, सचिन सिकरवार उम्र 22, गगन कुशवाह 5 वर्ष, भुरा धोबी 30 वर्ष, योगेश शर्मा उम्र 28 वर्ष व अन्य लोग भी बीमार पड़े हुए है। जो सरकारी और निजी अस्पताल में भर्ती हैं।

# मिठाई, सूखे मेवे, बेकरी उत्पादों के साथ डिब्बा तौलने पर होगी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी के त्यौहार पर मिठाई, सूखे मेवे, बेकरी उत्पादों के साथ डिब्बा तौलने की प्रथा पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 27 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला रसद अधिकारी संदीप मेहता ने बताया कि उपभोक्ता मामले विभाग निदेशक एवं जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशानुसार 27 अगस्त तक विशेष अभियान के तहत निगरानी रखते हुए मिठाई, सूखे मेवे एवं बेकरी उत्पादों के साथ डिब्बा तौलते पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले में कार्यरत जिला विधिक मापविज्ञान अधिकारी एवं संबंधित समस्त नायब तहसीलदार कार्यवाहक प्रवर्तन निरीक्षक का जांच दल गठित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला रसद अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील है कि किसी भी प्रतिष्ठान की ओर से मिठाई, सूखे मेवे, बेकरी उत्पाद के साथ डिब्बा तौल कर दिया जाता है,तो उसकी शिकायत 18001806030 एवं व्हाट्सअप नंबर 7230086030 तथाई-मेलआई.stateconsumerhelpline.raj@gmail.com पर भी दर्ज करवा सकते है। उन्होंने बताया कि जिले के ऐसे प्रतिष्ठानों के मालिको को निर्देशित किया गया है कि सही तौल के साथ मिठाई, सूखे मेवे, बेकरी उत्पाद वस्तुओं के साथ यदि डिब्बा तौलते हुए पाया गया तो उनके विरूद्ध विधिक मापविज्ञान अधिनियम 2009 एवं विधिक मानविज्ञान, डिब्बा बंद वस्तुएं, नियम 2011 के अंतर्गत कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# महिलाओं ने पुलिस को बांधी राखी

## एसएचओ समेत थाने के जवानों को खिलाई मिठाई, रक्षा का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** बाड़ी के एडिशनल सर्किल क्षेत्र के सरमथुरा थाने में शनिवार को बीजेपी महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर में पुलिस के अधिकारियों सहित थाने के जवानों को राखी बांधकर और मिठाई खिलाकर रक्षा बंधन पर्व मनाया और रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में काफी संख्या में बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रही। महिला मोर्चा की अध्यक्ष सपना गोयल ने कहा के रक्षाबंधन पर्व भाई बहिन के अटूट प्रेम का त्योहार है। इस त्योहार का भाई-बहिन को बेसब्री से इंतजार रहता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा के देश की सीमा पर खड़ा हर जवान हमारा भाई हैं, क्योंकि वो दिन रात सरहद पर खड़ा रहकर हमारी रक्षा करता है। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने कहा के हमें सदेव ही नारी शक्ति का सम्मान करना चाहिए क्योंकि नारी शक्ति ही मां दुर्गा का रूप है। साथ ही कहा कि देश की हर नारी शक्ति का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है, क्योंकि देवताओं ने भी सदेव नारी शक्ति का सम्मान किया है। इस दौरान संजय पाराशर,महिला मोर्चा अध्यक्ष सपना गोयल,राधा गोयल,गीता,नीलम,महादेवी सहित अन्य महिला पदाधिकारी मौजूद रही।

# राजगढ़ कस्बे में हिंदू संगठनों ने निकाली रैली

## बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार पर जताया रोष, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजगढ़ कस्बे में सनातन सभा और अन्य संगठनों की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और दुर्दशा को लेकर पीएम के नाम उप जिला प्रशासन के तहसीलदार विनोद शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व पंडित भवानी सहाय स्मारक में रविवार सुबह आक्रोश रैली निकाली गई। अध्यक्ष अजय शर्मा और अन्य संगठनों की ओर से निकाली गई रैली में जात पात सब छोटो भाई, हिंदू हिंदू सब भाई-भाई के नारे लगाए गए। आक्रोश रैली में चौपड़ बाजार, गोले मार्केट, सराय बाजार और अन्य स्थानों से महिला पुरुष जुड़ते चले गए। उपखंड कार्यालय परिसर में तहसीलदार विनोद शर्मा और नायब तहसीलदार छोटेलाल मीणा को संगठनों की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में 5 अगस्त के बाद बदले घटनाक्रम में बांग्लादेश में हिंदुओं की दुर्दशा महिलाओं पर दुराचार संबंधी कृत्य को निंदनीय बताया। ज्ञापन में बताया कि भारत में नागरिकता संशोधन नियम पारित किए गए हैं। मगर बांग्लादेश पाकिस्तान और अन्य जगह इस तरह के कोई नियम नहीं बनाएं गए। इस वजह से हिंदुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री से विश्व पटल पर इस मुद्दे को उठाने के बाद शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर अजय शर्मा, मुरारी लाल शास्त्री, सतीश शर्मा और अन्य संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भराव क्षमता के नजदीक पहुंचा पार्वती बांध का जलस्तर

## 1 गेट खोलकर की जा रही जल निकासी, चंबल नदी भी खतरे के निशान के पास

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** करौली और हाड़ौती क्षेत्र से पानी की लगातार हो रही आवक से पार्वती बांध अपनी भराव क्षमता के पास पहुंच गया है। वहीं, चंबल नदी खतरे के निशान के पास बह रही है। पार्वती बांध का जलस्तर बढ़ जाने के बाद एक गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।

आंगई थाना क्षेत्र स्थित पार्वती बांध का जलस्तर शनिवार दिन रात को अपनी भराव क्षमता 223.41 मीटर से. 11 मीटर नीचे 223.30 मीटर पहुंच गया। बांध के भराव क्षमता के नजदीक पहुंचते ही देर रात को 11 नंबर गेट को 1 फीट तक खोलकर पानी की निकासी की जा रही हैं। वहीं, दूसरी ओर कोटा और हाडोती क्षेत्र में हो रही बारिश के बाद चंबल नदी का जल स्तर भी खतरे के निशान के पास पहुंच गया। चंबल नदी में खतरे का निशान 130.79 मीटर हैं। रविवार को चंबल नदी का जल स्तर 129.30 मीटर दर्ज किया गया। धौलपुर जिले में बांध और नदी का जलस्तर बढ़ जाने की वजह से कई सहायक नदियां उफान पर हैं।

जिसको लेकर धौलपुर के जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी और एसपी सुमित मेहरड़ा ने लोगों से नदी और तालाबों से दूर रहने की अपील की है।

# ग्रामीण बैंक से 1.70 लाख ले गए, बैंक की खिड़की को ग्राइंडर से काटकर अंदर घुसे, सीसीटीवी की डीवीआर भी ले गए

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर में विजय मंदिर थाना क्षेत्र के डेहरा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में शनिवार रात को चोर खिड़की को तोड़कर बैंक से 1 लाख 70 हजार रुपए चोरी कर ले गए। विजय मंदिर थाना अधिकारी ने बताया कि अज्ञात चोरों ने देर रात्रि बैंक का जंगला ग्राइंडर मशीन से काटा और फिर अंदर घुसे। बैंक के अंदर से 1 लाख 70 हजार रुपए चोरी कर ले गए। इसके अलावा बैंक के बाकी दस्तावेज फाइलें इधर-उधर कर गए। चोर इतने शातिर थे कि बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी ले गए। फिलहाल अज्ञात चोरों की तलाश जारी है। इसी बैंक में 1 साल पहले भी चोरी करने के प्रयास हो चुका है। पुलिस यह पता लगा रही है कि बैंक में गार्ड क्यों नहीं लगाया गया।

# पुत्र ने किये अपने पिता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** शहर अलवर में-म0 न0391 स्कीम नं02 अलवर, अशोक खन्ना जी के मकान के पास,अलवर निवासी श्री गुरमीत सिंह पुत्र श्री जगजीत सिंह के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान, के शाखा अध्यक्ष आर.एस.वर्मा ने बताया कि समाजसेवी सरदार हरमीत सिंह मेहंदीरत्ता जी ने उनके पुत्र गगन एवं उनके परिवार को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया,परिवार की सहमति के बाद उनके नेत्रदान करवाने के लिए डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के आई डोनेशन सेंटर अलवर को फोन किया।उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टर की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र गगन ने अपने पिता श्री गुरमीत सिंह जी के नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

# युवक फंदे पर लटका, मौतः माता- पिता की पहले मौत हो चुकी, सुसाइड का कारण नहीं चला पता

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र के सोनावा डूंगरी में 30 साल के युवक ने घर में फंदा लगा सुसाइड कर लिया। युवक के पड़ोसियों ने उसके भाई को सूचित किया। वे दिल्ली व गाजियाबाद से अलवर आए। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। परिजनों की रिपोर्ट के अनुसार जांच की जाएगी। युवक के भाई रविंद्र सिंह ने बताया- मृतक प्रेम सिंह के माता-पिता की मौत के बाद सोनावा डूंगरी में अकेला रहता था। वह ड्राइवर का काम करता था। दूसरा भाई दिल्ली तीसरा भाई गाजियाबाद रहता है। मृतक युवक शराब भी पीता था।

# पुत्र ने किये अपनी माता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** शहर अलवर में-म0913, E&ten.टावर न01 अपना घर शालीमार,अलवर निवासी श्रीमती प्रेमलता गोयल पत्नी स्व0श्री गणेशी लाल गोयल के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान, के शाखा अध्यक्ष आर.एस.वर्मा ने बताया।कि मित्तल हॉस्पिटल के प्रशासक श्री गिरीश गुप्ता ने उनके पुत्र राकेश गोयल एवं उनके परिवार को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया,परिवार की सहमति के बाद उनके नेत्रदान करवाने के लिए डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के आई डोनेशन सेंटर अलवर को फोन किया। उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टर की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया।पुत्र राकेश गोयल ने अपने माता जी के नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा

# बच्चों को डांटने पर पत्नी ने पति को चाकू मारा : शराब पीकर आया था, हाथापाई हुई; अस्पताल में इलाज जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा के गुमानपुरा इलाके में पति पत्नी के बीच हुए आपसी झगड़े में चाकू से हमले का मामला सामने आया है। हमले में पति घायल हुआ है जिसे एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मामले के अनुसार देवेंद्र मीणा गुमानपुरा के छावनी एरिया में परिवार के साथ रहता है। देवेंद्र मजदूरी का काम करता है।शनिवार रात को वह शराब पीकर घर पहुंचा। इस दौरान किसी बात को लेकर वह बच्चों से झगड़ने लगा। वह बच्चों को डांट फटकारने लगा। इसी दौरान पत्नी राधा बीच में आई तो वह पत्नी से झगड़ा करने लगा। देवेंद्र के अनुसार पत्नी से उसका कहासुनी हो गई थी। इस दौरान पत्नी के पास चाकू था। दोनों के बीच कहासुनी हाथापाई तक पहुंच गई। इसी दौरान पत्नी ने चाकू से देवेंद्र पर वार कर दिया। जिससे उसके हाथ और पेट पर चाकू से घाव लग गया। जिसके बाद देवेंद्र अस्पताल पहुंचा जहां उसका इलाज किया गया। फिलहाल उसे भर्ती रखा गया है। देवेंद्र के अनुसार उसने अभी कोई शिकायत नहीं दी है।

# जिला यूथ कांग्रेस यश गौतम प्रभारी प्रथम बार चौमहला आगमन पर स्वागत किया गया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला क्षेत्र में झालावाड़ जिला युवा कॉंग्रेस प्रभारी यश गौतम का प्रथम बार चौमहला आगमन पर युथ कांग्रेस महासचिव डग विधानसभा के नरेंद्र सिंह झाला के नेतृत्व मै माल्यार्पण व आतिशबाजी कर स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान नरेंद्र सिंह झाला,भव्य गुप्ता,रामपाल सिंह झाला,अनिल वर्मा,भेरू वर्मा,रामप्रसाद वर्मा, जोगेंद्र सूर्यवंशी ,दिनेश लाल, सुनील, फुंदा सिंह, सुरेंद्र सिंह ,विक्रम लाल ,हीरा लाल आदि उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर में 172 यूनिट रक्त एकत्रित




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** लायंस क्लब कोटा सेंट्रल और विवेकानंद सिविल सर्विसेज एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में दानवाड़ी एसी वाले गणेश जी के पास में अग्रवाल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर रखा गया। क्लब अध्यक्ष मधु ललित बाहेती, सेक्रेटरी राधा खुवाल ने बताया कि बड़ी संख्या में दर्शनार्थी और स्टूडेंट्स को रक्तदान के लिए मोटिवेट किया गया। शिविर संयोजक चंदा बरवाडिया, एकेडमी के ललित और जितेंद्र ने बताया कि प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक 172 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में ममता विजय, सुमन शर्मा, भगवती सेठिया, कैलाश सेठिया, ललित बाहेती, रीजन चेयरमैन दिनेश खुवाल, डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन हंगर राजकुमार गुप्ता ने सहयोग किया।

# शहीद सैनिकों के घर पहुंचकर वीरांगनाओं का किया सम्मान, रक्षाबंधन की दी बधाई, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संवेदनशील कदम

## जिले में शहीदों के घर पहुंचे जनप्रतिनिधिगण और जिला प्रशासन के अधिकारी, मुख्यमंत्री का वीरांगनाओं को तोहफा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (नि.स.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की समस्त वीरांगनाओं का सम्मान किया है। ज़िला कलक्टर नमित मेहता के निर्देश पर रक्षाबंधन के पावन पर्व पर वीरांगना श्रीमती मंजू देवी पत्नी शहीद खमन लाल गुर्जर निवासी गोपालपुरा आसींद तथा वीरांगना श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी शहीद गणेश सिंह निवासी निंबिया का मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की ओर से सम्मान उनके निवास स्थान में आयोजित किया गया।

समारोह में उम्मेदसिंह राजावत उपखण्ड अधिकारी, आसीन्द तथा उपखंड अधिकारी करेड़ा बंशीधर योगी ने माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शुभकामना संदेश के साथ वीरांगनाओं का सम्मान किया। इस अवसर पर, वीरांगनाओं को 2100 रुपये, मिठाई की टोकरी, श्रीफल, शॉल और मुख्यमंत्री की ओर से एक विशेष संदेश दिया गया, जिसमें उन्होंने कहा कि... प्रिय बहन, रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर मैं आपको हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। आपके पति ने भारतमाता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर परिवार और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। आपके साहस और धैर्य को नमन करते हुए, मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ, कि राज्य सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी है और आपके सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आपके परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना के साथ। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे और वीरांगनाओं को मुख्यमंत्री के संदेश के साथ सम्मानित किया।

### वीरांगनाओं के सम्मान तथा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

जिला कलक्टर मेहता ने बताया कि वीरांगनाएं हमारे समाज की असली ताकत हैं और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान वीरांगनाओं के साहस और बलिदान को सलाम करने का एक तरीका है।इस सम्मान समारोह के माध्यम से, मुख्यमंत्री वीरांगनाओं के परिवार के साथ एकजुटता और सहानुभूति प्रकट करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वीरांगनाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# कोलकाता की घटना के विरोध में चिकित्सकों ने कैंडल मार्च निकाला, वी वांट जस्टिस के लगाए नारे, बोले - आरोपी को फांसी दो

बढ़ता राजस्थान



**छोटीसादड़ी (नि.स.)।** छोटीसादड़ी में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई जघन्य वारदात के बाद गुस्सा फूटा है। डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकाला और महिला डॉक्टर के आरोपी को सख्त सजा दिए जाने की मांग की। चिकित्सकों को भी सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने जमकर नारेबाजी की। सीएचसी प्रभारी डॉ विजय गर्ग ने बताया कि कोलकाता की घटना के विरोध में शनिवार शाम को चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में डॉक्टर, महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ आमजन शामिल हुए। हाथों में तख्ती लिए वी वांट जस्टिस के नारे लगाते हुए दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग करते दिखे। नगर के गांधी चौराहे पर पहुंचकर चिकित्सकों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक डॉक्टर को श्रद्धांजलि दी। बीसीएमओ डॉ. नरेंद्र वर्मा ने कहा कि कोलकाता में चिकित्सक के साथ हुई दर्दनाक घटना से पूरे देश में रोष है। ऐसे में चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल है। घटना को लेकर विरोध जताया और महिला चिकित्सक के साथ हुई हैवानियत की निंदा की। आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई। इस दौरान बीसीएमओ डॉ नरेंद्र वर्मा, सीएचसी प्रभारी डॉ विजय कुमार गर्ग , डॉ संजय गुप्ता, डॉ अमीत शर्मा, डॉ शिवनारायण पाटीदार, डॉ अशोक विश्वकर्मा, नर्सिंग ऑफिसर दिनेश कुमार जाटव,माणक लाल टेलर, विनय साहू, विनीत वैष्णव, दीपक सुथार, आशीष सेन, कैलाश दरोगा, मनीषा परमार, पंकज कुमावत, मुकेश राठौर, महेश पाटीदार, रीना जणवा, मोनिका जाटव, अशोक शर्मा, एलटी शैलेंद जैन, टीपी सिंह, एलए आकाश साहू, शिल्पा शर्मा आदि मौजूद रहे।

मंजूश्री संस्थान की त्रैमासिक बैठक में लिए अहम फैसले

# बालिकाओं की सुरक्षा के लिए टीम के सदस्य पुलिस प्रशासन के साथ हमेशा तैयार

## दरिंदगी का शिकार पीड़िता को उपलब्ध करवाई जाएगी क़ानूनी सहायता





बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन (नि.स.)।** टीम मंजूश्री स्नेह संस्थान (रजि.) की त्रैमासिक मासिक बैठक का आयोजन पुरानी तहसील की गली स्थित कार्यालय में संस्थान का अध्यक्ष गौरव मोमिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें विशेष रूप से बालिका सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा हुई तथा विभिन्न फैसले लिये गए ।संस्थान के सचिव अजय मोमिया ने बताया कि देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताड़ना की घटनायें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। बालिकायें कही भी सुरक्षित नहीं हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह भेड़िये उन पर नजर गड़ाए रहते हैं। उन्हें जब भी मौका मिलता है नोच डालते हैं। ऐसे माहौल में टीम के सभी सदस्य चाहे जिला प्रशासन हो या पुलिस प्रशासन के साथ बालिका सुरक्षा को लेकर कंधे से कंधे मिलाकर चलने को तैयार है। अध्यक्ष गौरव मोमिया एडवोकेट ने बताया की अगर किसी बालिका के साथ कोई भी घटना घटित होती है तो वहटीम के किसी भी सदस्यों को जानकारी दे सकती है उसका नाम पता गुप्त रखा जाएगा साथ ही कोई भी ऐसी बालिका जिसके साथ ऐसी कोई भी घटना घटित होती है उसको क़ानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी ।बालिका और महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए सरकार द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन जारी किया गए है जिसके माध्यम से सुरक्षा भी प्राप्त की जा सकती है । मदद के लिए 100, 101 व 112 महिला सुरक्षा हेल्प लाइन नंबर 1090, 1095 या 181 , चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 पर शिकायत दर्ज करवा सकती है। बैठक के प्रारंभ होने से पूर्व सुबह टीम के अजय मोमिया ने 44 वा रक्तदान कर व अर्पित पालीवाल ने 27 वा रक्तदान कर कोलकाता में दरिंदगी का शिकार हुई रेजिडेंट डॉक्टर डॉ मोमिता को रक्तदान कर श्रंद्धाजलि दी, वही बैठक के समापन पर टीम के सभी सदस्यों द्वारा 2 मीनट का मौन धारण रखा गया।

बैठक में टीम के जितेंद्र वैष्णव, अर्पित पालिवाल, विनोद बंसल, राज नागर, हेमंत सोनी, पंकज सोनी ,मीना शर्मा , रेणु मंगल, राहुल पाटोद, अवनींद्र व्यास मौजूद रहे।

# रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन का शपथ ग्रहण, पुस्तक विमोचन, सम्मान समारोह 25 अगस्त को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन कोटा की ओर से 25 अगस्त को सायं 4 से 6 बजे शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, श्रीनाथपुरम-डी में शपथ ग्रहण, पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज मेहता होंगे। आयोजन समिति के देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि समारोह में रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन कोटा के सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी, पुस्तक विमोचन किया जाएगा और वरिष्ठ कर्मचारी नेता रामकिशोर अग्रवाल एवं पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष रमेश गुप्ता को कर्मचारियों के हित में कार्य करने पर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन कोटा के सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा जहां वे अपने संगठन के मिशन और मूल्यों के बारे में जागरूक होंगे और अपने कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

# अब कोटा होकर बांद्रा-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन का संचालन नवम्बर माह तक

## मंडल के बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा, भवानीमंडी एवं शामगढ़ स्टेशनों पर ठहराव

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त यातायात भार को क्लीयर करने के उद्देश्य से कोटा होकर गोरखपुर से बांद्रा टर्मिनल के मध्य संचालित स्पेशल ट्रेन के दोनों दिशाओं में 13-13 फेरे बढ़ाए गए। इस साप्ताहिक स्पेशल गाड़ी की संचालन अवधि गोरखपुर से दिनांक 29 नवम्बर तक एवं बांद्रा टर्मिनल से दिनांक 30 नवम्बर तक बढ़ाया गया है। पूर्व में जारी अधिसूचना के अनुसार इस इस स्पेशल गाड़ी का संचालन अवधि अगस्त के अंतिम सप्ताह तक ही थी। यह स्पेशल गाड़ी मंडल के बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा, भवानीमंडी एवं शामगढ़ स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 05053 गोरखपुर से बांद्रा टर्मिनल स्पेशल ट्रेन शुक्रवार गोरखपुर से सुबह 09.30 बजे प्रस्थान कर बयाना रात 22.03 बजे, गंगापुर सिटी रात 22.55 बजे, कोटा रात 01.00 बजे, भवानीमंडी 02.13 बजे, शामगढ़ 02.38 बजे आगमन होकर अगले दिन शाम 18.00 बजे बांद्रा टर्मिनल को पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 05054 बांद्रा टर्मिनल से गोरखपुर स्पेशल ट्रेन शनिवार बांद्रा टर्मिनल से रात 21.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शामगढ़ सुबह 08.48 बजे, भवानीमंडी 09.13 बजे, कोटा सुबह 10-35 बजे एवं गंगापुर सिटी दोपहर 12.45 बजे, बयाना 14.13 बजे आगमन होकर सोमवार सुबह 06.25 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपपुर सेन्ट्रल, टुंडला, आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा, भवानीमंडी, शामगढ़, रतलाम, वड़ोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, पालघर एवं बोरीवली स्टेशनों पर रुकेगी।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय द्वारा बताया कि सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

यात्रियों से अनुरोध है कि इस स्पेशल ट्रेन के बढ़ाए गए फेरों की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस अथवा रेल मदद 139 पर प्राप्त कर यात्रा करें।

# 'समय बदल रहा लेकिन रक्षा सूत्र का महत्व बरकरार'

संजय खाबिया, अधीस्वीकृत स्वतंत्र पत्रकार।



सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर हर साल रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाता है, इस बार यह पवित्र पर्व 19 अगस्त सोमवार को है। इस दिन सभी बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनसे अपनी रक्षा और जीवनभर सुख दुख में साथ निभाने का वचन लेती हैं और भाई की दीर्घायु की कामना करती हैं। राखी का ये त्योहार पूर्णिमा पर होने की वजह से इसे कुछ जगहों पर राखी पूर्णिमा भी कहा जाता है । राखी बांधने की परंपरा को लेकर कई तरह की कहानियां प्रचलित हैं. एक धार्मिक मान्यता है कि यमराज की बहन यमुना ने श्रावण पूर्णिमा के दिन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी थी. इसके बदले में यमराज ने यमुना को अमरता का वरदान दिया था. इसलिए हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा को बहन अपने भाई को राखी बांधती है और बदले में भाई उसे कुछ उपहार देता है।

**श्रीकृष्ण और द्रौपदी की कहानी :** रक्षाबंधन की एक कथा द्वापरयुग में भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी हुई है. कथा के अनुसार जब भगवान कृष्ण ने शिशुपाल का वध करने के लिए अपना चक्र चलाया तो उनका हाथ घायल हो गया था और खून बह रहा था. तब द्रोपदी ने अपनी साड़ी से एक टुकड़ा फाड़कर उनके हाथ पर बांध दिया था, जिससे श्रीकृष्ण के हाथ से खून आना बंद हो गया. इसके बाद से भगवान कृष्ण ने द्रौपदी को अपनी बहन स्वीकार लिया था और सदैव उनकी रक्षा करने का वचन उन्हें दिया था।

**हुमायूं की कहानी भी है प्रचलित :** एक अन्य मान्यता के अनुसार रक्षा बंधन को लेकर हुमायूं की कहानी भी प्रचलित है। हजारों वर्ष पहले जब क्षत्रिय और मुगलों में संघर्ष चल रहा था, तब चित्तौड़ पर गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह ने हमला कर दिया था। उस समय रानी कर्णावती को हुमायूं ने एक धागा भेजा था. उस समय हुमायूं ने कर्णावती को अपनी बहन स्वीकार कर लिया था और धागे को कलाई पर बांधकर कर्णावती और उनके राज्य की रक्षा करने अपनी फौज के साथ निकल पड़े थे। वर्तमान समय में लोग पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़-पौधों को भी राखी के अवसर पर राखी बांधते हैं। प्राचीन समय में ब्राह्मणों व गुरुओं द्वारा अपने शिष्य और यजमान को राखी बांधी जाती थी। पर अब राखी का स्वरूप पहले की अपेक्षा परिवर्तित हो गया है। पुराने समय में घर की छोटी बेटी द्वारा पिता को राखी बांधी जाती थी इसके साथ ही गुरुओं द्वारा अपने यजमान को भी रक्षा सूत्र बांधा जाता था पर अब बहनें ही भाई के कलाई पर यह बांधती हैं। इसके साथ ही समय की व्यस्तता के कारण राखी के पर्व की पूजा पद्धति में भी बदलाव आया है। अब लोग पहले के अपेक्षा इस पर्व में कम सक्रिय नज़र आते हैं। राखी के अवसर पर अब भाई के दूर रहने पर लोगों द्वारा कुरियर के माध्यम से राखी भेज दिया जाता है। इसके अतिरिक्त मोबाइल पर ही राखी की शुभकामनाएं दे दी जाती हैं।

### प्यार के धागे का महंगे मोतियों में बदल जाना

रक्षा बंधन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण रेशम का धागा है, जिसे महिलाएं भावपूर्ण होकर भाई के कलाई पर बांधती हैं पर आज बाजार में अनेक प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं, जिसमें कुछ तो सोने-चांदी की भी हैं। रेशम के सामान्य धागे से बना यह प्यार का बंधन धीरे-धीरे दिखावें में तबदील हो रहा है।

### रक्षा बंधन के महत्व को बचाए रखना आवश्यक है

स्वयं को नये जमाने का दिखाने के लिए, हम शुरु से हमारी सभ्यता को पुराना फैशन कह कर भूलाते आए हैं। हमने हमारी पूजा पद्धति बदली है। अत: अपनी संस्कृति की रक्षा हेतु हमें हमारे पर्वों के रीति रिवाज में परिवर्तन नहीं करना चाहिए और राखी के पर्व की महत्व को समझते हुए हमें इस पर्व को बनाए गए पूजा पद्धति के अनुसार करना चाहिए। हमारे पूर्वजों द्वारा बनाए गए पर्वों, त्योहारों व उपवास के विधि-विधान हमारी सभ्यता, संस्कृति के रक्षक है। इन सब से हमारी पहचान है अत: हमें इसे बदलने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

# वीरांगनाओं को पहुंचाया मुख्यमंत्री का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** वीरांगनाओं के नाम मुख्यमंत्री का संदेश लेकर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा रविवार को कोटा शहर की दो वीरांगनाओं के घर पहुंचे और मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया। शर्मा ने शॉल ओढ़ाकर वीरांगनाओं का सम्मान किया और 2100 रुपए एवं श्रीफल मुख्यमंत्री की ओर से भेंट किए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संदेश में रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए वीरांगनाओं को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार वीरांगनाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने वीरांगनाओं के परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना भी की।

विधायक शर्मा बीएसएफ के शहीद डिप्टी कमांडेंट सुभाष शर्मा की पत्नी बबीता शर्मा के श्रीनाथपुरम स्थित घर एवं सीआरपीएफ के शहीद सिपाही राजकुमार गौड़ की पत्नी लक्ष्मी देवी के नई धानमंडी स्थित घर पहुंचे और मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाने के बाद उनका शॉल ओढ़ाकर, 2100 रुपए एवं मिठाई देकर मुख्यमंत्री की ओर से रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्णा शुक्ला एवं एसडीएम मनीषा तिवारी भी उपस्थित थी।

सांगोद एसडीएम ने सांगोद तहसील के विनोद कला गांव निवासी शहीद हेमराज मीणा की पत्नी श्रीमती मधुबाला मीणा के घर जाकर मुख्यमंत्री का रक्षाबंधन पर संदेश पढ़कर सुनाया। उन्होंने शॉल ओढ़ाकर, 2100 रुपए, मिठाई एवं श्रीफल देकर वीरांगना को मुख्यमंत्री की ओर से रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# देहरादून आईएसबीटी पर बस के अंदर किशोरी से गैंगरेप

## 4 दिन बाद एफआईआर; 3 बस ड्राइवर, एक कंडक्टर और एक कैशियर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

**देहरादून।** देहरादून आईएसबीटी पर बस के अंदर एक किशोरी से गैंगरेप में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें तीन बस ड्राइवर, एक कंडक्टर और एक कैशियर शामिल थे।

घटना 13 अगस्त रात 2 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने आईएसबीटी पर कार्यरत एक कर्मचारी से शनिवार देर रात तक पूछताछ भी की है। पुलिस के मुताबिक पंजाब की रहने वाली एक किशोरी मुरादाबाद रोडवेज बस से देहरादून आईएसबीटी पहुंची। बस खाली होने के बाद करीब पांच लोगों ने उसके साथ गैंगरेप किया। बाद में किशोरी को बस से उतार कर चले गए।

### चाइल्ड वेलफेयर टीम को मिली मामले की जानकारी

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की हेल्पलाइन टीम को 13 अगस्त को किशोरी आईएसबीटी पर बदहवास हालत में मिली है। इसके बाद टीम उसे आईएसबीटी परिसर में बने चाइल्ड हेल्पलाइन बूथ पर ले गई। चाइल्ड वेलफेयर टीम ने किशोरी से पूछताछ की है, लेकिन वह रोती रही। उसने बताया कि उसके साथ गलत काम हुआ है। मामले की गंभीरता देख चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम किशोरी को बालिका निकेतन ले गई और उसकी काउंसिलिंग कराई गई। चार दिन किशोरी की सीडब्ल्यूसी में काउंसिलिंग चलती रही।

### पुलिस ने आईएसबीटी पर लगे सीसीटीवी से आरोपियों को पकड़ा

शनिवार रात चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्यों ने आईएसबीटी चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी दी। स्स्कअजय सिंह के निर्देश पर पटेल नगर थाने में 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और आईएसबीटी से दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पुलिस आईएसबीटी और आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाल रही है और पीड़िता से भी बात करने की कोशिश की जा रही है।

# कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस-मानव अंग तस्करी का शक

## सीबीआई सूत्रों का दावा- घटना साधारण लगे इसलिए रेप किया; अस्पताल में सेक्स-ड्रग रैकेट चलाने का आरोप

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

**नई दिल्ली/कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। सीबीआई को अब तक की जांच और डॉक्टर के बैचमेट्स के बयानों से पता चला है कि मानव अंगों के अवैध कारोबार से पर्दा उठाने की कोशिशें रोकने के लिए ट्रेनी डॉक्टर को रास्ते से हटाया गया। एजेंसी ने शनिवार को 13 लोगों से पूछताछ की। दो दिन में वह 19 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इसमें आधे से अधिक लोगों ने अस्पताल से मानव अंगों की तस्करी के रैकेट को लेकर जानकारी दी है। टीम का दावा है कि जल्द ही कई सफेदपोश चेहरे सामने आएंगे।

सीबीआई सूत्रों ने बताया कि मामले की जड़ें काफी गहरी हैं। रेप इसलिए किया गया, ताकि यह आम घटना लगे। मेडिकल कॉलेज में लंबे समय से सेक्स और ड्रग रैकेट चलाने का भी आरोप है। 23 साल पहले 2001 में कॉलेज के हॉस्टल में एक छात्र की मौत की कड़ियां भी इससे जुड़ने लगी हैं।

**3 डॉक्टर सहित 4 लोगों पर सेक्स-ड्रग रैकेट चलाने का आरोप**-एक राजनीतिक पार्टी के सीनियर नेता ने दावा किया है कि उनके पास डॉक्टरों के एक वॉट्सएप ग्रुप के स्क्रीनशॉट हैं, जिससे अस्पताल में सेक्स और ड्रग रैकेट का पता चलता है। इसमें एक अन्य पार्टी के सीनियर नेता और उनके भतीजे का जिक्र है।

# हरियाणा में इसी महीने जारी होगी आप उम्मीदवारों की लिस्ट

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा और कांग्रेस की तरह आम आदमी पार्टी भी राज्य में अपना दूसरा विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही है। हरियाणा में आप के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने विधानसभा टिकटों को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि 31 अगस्त तक आम आदमी पार्टी सभी पार्टियों से पहले अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर देगी। इसके पीछे की वजह उन्होंने पहले ही बता दी है कि पार्टी अरविंद केजरीवाल के गृह राज्य में अच्छा प्रदर्शन करे और कम से कम किंगमेकर की भूमिका में रहे। इसलिए वह पहले उम्मीदवारों की घोषणा करना चाहती है और उन्हें प्रचार के लिए पर्याप्त समय देना चाहती है।

### 90 विधानसभा क्षेत्रों में 360 ब्लॉक प्रभारी नियुक्त

आप के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब को बदल दिया है, अब हरियाणा की बारी है। आप ने हरियाणा में अब तक 45 रैलियां की हैं और हमने साबित कर दिया है कि कोई भी पार्टी इतनी रैलियां नहीं कर सकती। हमने अरविंद केजरीवाल के जन्मदिन पर चुनावी बैठक की है। 90 विधानसभा क्षेत्रों में 360 ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। पार्टी पूरे हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

# उपराष्ट्रपति बोले-कुछ लोगों का राजनीतिक स्वार्थ राष्ट्रहित से ऊपर

## बड़े पदों पर बैठे लोग ऐसा प्रकट करते हैं कि देश में कुछ भी हो सकता है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- देखा जा रहा है कि व्यक्तिगत हित और राजनीतिक स्वार्थ को राष्ट्रहित से ऊपर रखा जा रहा है। अच्छे और बड़े पद पर रहने वाले कुछ लोग ऐसा दिखाते हैं कि देश में कुछ भी हो सकता है। हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम किसी भी हाल में राष्ट्रीयता को तिलांजलि नहीं देंगे। रविवार को उपराष्ट्रपति जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में देहदानी परिवार सम्मान एवं आभार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्थान की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने कहा- राजनीति में प्रजातंत्र की अपनी खूबी है। अलग-अलग विचार रखना प्रजातंत्र के गुलदस्ते की महक है।

यह तब तक है, जब तक राष्ट्रहित को तिलांजलि नहीं दे दी जाए। भारतीयता हमारी पहचान है। राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि है, जिनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि नहीं है। जो राजनीतिक हित और व्यक्तिगत स्वार्थ को ऊपर रखते हैं, उनको हमें समझना चाहिए। मैं आपसे अपील करता हूं कि राष्ट्र के विकास के लिए ऐसी ताकतों को हमें रोकना होगा।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की इस बात के राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं। कुछ दिन पहले विपक्षी सांसदों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कही थी।

### आपातकाल संविधान पर सबसे बड़ा खतरा था

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- आज देश मे तेजी से विकास हो रहा है। वो अकल्पनीय है। साल 1989 में मैं केंद्रीय मंत्री था। हमने कल्पना भी नहीं की थी कि देश में इस तेजी के साथ विकास होगा। इसलिए मैं आज की पीढ़ी से आह्वान करता हूं कि उन्हें यह देखना चाहिए कि देश में संविधान पर खतरा कब आया था। उन्होंने कहा- कुछ लोग कहते हैं कि आपातकाल का काला अध्याय चुनाव से खत्म हो गया था। लेकिन ऐसा नहीं है। इसलिए केंद्र सरकार ने आपातकाल के दिन संविधान हत्या दिवस मनाने की जो पहल की है, वह नई पीढ़ी को आगाह करने के लिए है। ऐसा कालखंड था, जब आपके मौलिक अधिकार समाप्त हो गए थे। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने हाथ खड़े कर दिए थे। कार्यपालिका का तानाशाही रवैया शिखर पर पहुंच गया था। इतिहास में इसका कोई ओर उदाहरण नहीं मिलेगा।

### हम अपने लोगों से काम छीन रहे

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- आज हम कैंडल, पतंग, खिलौने, फर्नीचर, कारपेट, कपड़े आयात करते हैं। ऐसा करके हम अपने लोगों से उनका काम छीन रहे हैं। हमारे बिजनेसमैन को आगे नहीं बढ़ने दे रहे हैं। हमारा फॉरेन एक्सचेंज देश के बाहर भेज रहे हैं। क्या हम मात्र धन लाभ के लिए आर्थिक राष्ट्रीयता को तिलांजलि देना चाहते हैं।

जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्थान की ओर से देहदानी परिवार सम्मान एवं आभार कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा।

जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्थान की ओर से देहदानी परिवार सम्मान एवं आभार कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा।



ऑर्गन ट्रांसप्लांट पैसों के लिए नहीं होने चाहिए

जगदीप धनखड़ ने कहा- आज अंगदान समाज की आवश्यकता है। अंगदान मन से और स्वेच्छा से होना चाहिए। पैसों के लिए अंगदान नहीं होना चाहिए। आज मेडिकल का पेशा व्यवसाय बन गया है। कुछ लोगों ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट को पैसे कमाने का जरिया बना लिया है। डॉक्टर धरती पर भगवान का रूप होते हैं। कुछ लोगों की वजह से पूरा प्रोफेशन बदनाम होता है। ऐसे लोगों को हमें एक्सपोज करना चाहिए। उन्होंने कहा- हमारे यहां कई तरह का दान होता है। जो गुप्त होता है।

अंगदान ऐसा दान है, जिसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करना चाहिए। लोग इसके लिए आगे आएं। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर सहित संस्थान के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इजराइली हमले में एक दिन में 25 फिलिस्तीनियों की मौत

## इनमें एक ही परिवार के 7 सदस्य, गाजा में 25 साल बाद मिला पोलियो केस

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** गाजा में इजराइली हमले में एक दिन में 25 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। मरने वालों में एक ही परिवार के 7 लोग शामिल हैं। हमले में एक महिला और उसके 6 बच्चों की मौत हुई है। गाजा में इजराइल और हमास के बीच पिछले 11 महीनों से जंग जारी है। जंग में अब तक 40 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। दूसरी तरफ गाजा में पहली बार में 25 साल बाद पोलियो का केस मिला है।

सेंट्रल गाजा में 10 महीने के बच्चे में पोलियो का पता चला है। जॉर्डन में बच्चे के सैंपल की जांच के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले जून में गाजा में पानी के अंदर टाइप-2 पोलियो वायरस मिला था। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने बच्चों के वैक्सीनेशन के लिए सीजफायर की मांग की थी। वहीं इजराइली सेना ने कहा है कि वो विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर गाजा में पोलियो के वैक्सीनेशन के लिए काम कर रही है। इजराइल का कहना है कि वो 13 लाख पोलियो वैक्सीन जुटाने में लगा हुआ है।



### गाजा में 11 महीनों से जारी है जंग

इजराइल और हमास बीच इस जंग को लगभग 11 महीनों का वक्त बीत गया है। बीते साल 7 अक्टूबर को हमास के आतंकियों ने इजराइल पर हमला किया था। इस हमले में लगभग 1200 इजराइली नागरिकों की मौत हो गई थी। वहीं आंतकवादी लगभग 250 लोगों बंधक बनाकर गाजा ले गए थे। इजराइल के मुताबिक अभी भी 111 लोग हमास की कैद में मौजूद है। इनमें 39 शव भी शामिल हैं। बंधकों में 15 महिलाएं और 5 साल से कम उम्र के 2 बच्चे शामिल हैं। 7 अक्टूबर के हमले के बाद इजराइल ने हमास के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया था। इस जंग में अब तक इजराइल के 329 सैनिकों की भी मौत हो गई है।

वहीं इजराइली सेना के मुताबिक उन्होंने अब तक हमास के 15 हजार से अधिक आतंकियों का मार गिराया है। जंग की वजह से गाजा में लगभग 18 लाख लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। इजराइल और दक्षिणी लेबनान में भी हजारों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है।

### 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट

जंग की वजह से गाजा में मानवीय संकट खड़ा हो गया है। इजराइली हमलों की मार झेल रहे गाजा के नागरिकों के सामने भुखमरी की समस्या पैदा हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक गाजा के लगभग 5 लाख लोगो को आने वाले महीनों में खाद्य संकट का सामना करना पड़ेगा। ये आंकड़ा गाजा की कुल आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइली हमलों ने अब तक गाजा की 59% इमारतों को ध्वस्त कर दिया है।

# मानसून : राजस्थान में अब तक 50% ज्यादा पानी बरसा बारां में तालाब की पाल टूटी, मकान डूबे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के लोगों को भारी बारिश से अब राहत मिलनी शुरू हो गई है। शनिवार को राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहा और धूप निकली। अगले पांच दिन तक प्रदेश में किसी भी स्थान पर तेज बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। कुछ इलाकों में स्थानीय स्तर पर बादल बनने और छिटपुट बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। अब 22 अगस्त के बाद बारिश की संभावना है।

बारां जिले के शाहाबाद क्षेत्र के देवरी कस्बे के पास सिरसीपुरा तालाब की पाल टूट गई। इसके कारण तालाब का पानी कस्बे में आ गया। निचले इलाकों में पानी सैलाब की तरह बह रहा है। कई घर पानी में डूब गए हैं और कई कॉलोनियों के घरों में 3 फीट तक पानी भर गया है। लोग पानी से बचने के लिए लोग पर बैठे हैं।

### तालाब की पाल टूटी, सिविल डिफेंस की टीम तैनात

जोधपुर में तेज बारिश के बाद डांगियावास थाना इलाके के पलासनी गांव में तालाब की पाल टूट गई है। इसके चलते गांव के डूबने की स्थिति बनी हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने तालाब के आसपास के 4-5 घर खाली करवा दिए हैं। सिविल डिफेंस की टीम भी तैनात की गई है। तालाब की पाल बांधने का काम भी चल रहा है। गांव ढलान पर होने से आस-पास के गांवों से भी पानी इसी तरफ आ रहा है।

# राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु और पुडुचेरी में नए तटरक्षक केंद्रों का उद्घाटन किया

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

चेन्नई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को चेन्नई और पुडुचेरी में एक नए बचाव समन्वय केंद्र एवं भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) की दो इकाइयों का उद्घाटन किया। सिंह ने रिमोट मोड के माध्यम से यहां तटरक्षक बल के नए समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) और क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र (आरएमपीआरसी) तथा पुडुचेरी में तटरक्षक वायु एन्क्लेव का उद्घाटन किया। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) पर रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि चेन्नई में नेपियर ब्रिज के पास 26.10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नया तटरक्षक एमआरसीसी समुद्र में संकट में



फंसे नाविकों और मछुआरों के बचाव के लिए बेहतर समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा। इसमें कहा गया है कि एमआरसीसी में स्थलीय और उपग्रह प्रणालियों के माध्यम से संकट की निगरानी के लिए नवीनतम उपकरण स्थापित किए गए हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# कांग्रेसी सरकारों ने शरणार्थियों को नागरिकता नहीं दी : शाह

## इसकी वजह उनकी तुष्टिकरण की नीति; सीएए में मुस्लिमों की सिटिजनशिप छिनने का प्रावधान नहीं

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- सीएए सिर्फ देश के लाखों लोगों को शरण देने का ही कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह देश में बस रहे शर्णार्थियों को न्याय देने का नाम है। पहले की कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की नीति के चलते सन 1947 से 2014 तक जो लोग देश की शरण में आए, उनको कभी न्याय नहीं मिल सका।

ये पड़ोसी देश में भी प्रताड़ित हुए और यहां भी प्रताड़ित होते रहे। लाखों-करोड़ों लोग अपने देश में ही तीन पीढ़ियों तक न्याय के लिए तरसते रहे। मगर इंडी एलायंस की तुष्टीकरण की नीति ने इनको न्याय नहीं दिया। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार ने इन्हें न्याय दिया।

### सीएए में मुस्लिमों की नागरिकता छीनने का प्रावधान नहीं

इसके साथ ही उन्होंने मुस्लिमों को भी आश्वासन दिया कि सीएए में किसी की भी नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है क्योंकि यह नागरिकता देने के बारे में है। पिछली सरकारों ने करोड़ों घुसपैठियों को देश में घुसने की अनुमति दी और उन्हें गैरकानूनी तरीके से नागरिक बनाया। दरअसल, अमित शाह दो दिन के दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे। आज उन्होंने शहर में 1003 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ किया है। इसके बाद कार्यक्रम स्थल के बाहर एएमसी सफाईकर्मियों और स्कूली बच्चों से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने सीएए के तहत नागरिकता पाने वाले लोगों से संवाद किया।

### कांग्रेस को उसके वोट बैंक के नाराज होने का डर था

उन्होंने आगे कहा- मैं आज सीएए के बारे में बताना चाहता हूं कि यह देश में लागू क्यों हुआ। दरअसल, किसी भी देश का विभाजन धर्म के आधार पर नहीं होना चाहिए। मगर भारत का विभाजन धर्म के आधार पर किया गया. जब भारत का विभाजन धर्म के आधार पर किया तो भयानक दंगे हुए। ये स्वाभाविक था। भारत के करोड़ो लोग ये भूल



नहीं सकता कि पड़ोसी देशों में रहने वाले हिंदू, जैन सिक्खों को कितनी वेदना झेलनी पड़ी। परिवार के परिवार उजड़ गए। इससे ज्यादा अत्याचार पूरी दुनिया में कहीं नहीं हुआ। उस वक्त विभाजन का फैसला तो किया, जब उसके परिणाम आने लगे तो कांग्रेस के सभी नेताओं ने वादा किया था कि पड़ोसी देशों से जो शरणार्थी आते हैं, उनको नागरिकता दी जाएगी। भारत अपने यहां उनका स्वागत करेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )